अञ्चलगच्छीय-आचार्यश्रीमहेन्द्रसिंहसूरिविरचितम्

मनःस्थिरीकरणप्रकरणम्

(सटीकम्)

अञ्चलगच्छीय आचार्यश्रीमहेन्द्रसिंहसूरिविरचितम्

मनःस्थिरीकरणप्रकरणम्

(सटीकम्)

श्रुतभवन संशोधन केन्द्र

ग्रन्थनाम : मनःस्थिरीकरणप्रकरणम् (सटीकम्)

ग्रन्थकर्ता : आ. श्रीमहेन्द्रसिंहसूरिजी म.

टीका : आ. श्रीमहेन्द्रसिंहसूरिजी म.

सम्पादक : मुनिश्री वैराग्यरतिविजयजी गणिवर, रूपेन्द्रकुमार पगारिया

पत्र : ४८ + १४४

प्रकाशन : श्रुतभवन संशोधन केन्द्र – शुभाभिलाषा रीलीजीयस ट्रस्ट

आवृत्ति : प्रथमा वि.सं. २०७१, (ई.स. २०१५)

लाभार्थी : श्री पंचमहाजन मेरमांडवाडा, राज.

प्राप्तिस्थान

पूना : **श्रुतभवन संशोधन केन्द्र**
४७–४८, अचल फार्म, आगममंदिर से आगे,
सच्चाइ माता मंदिर के पास, कात्रज, पूणे–४११०४६
संपर्क : Mo. 7744005728 (9-00am to 5-00pm)
www.shrutbhavan.org Email : shrutbhavan@gmail.com

अहमदाबाद : **श्रुतभवन (अहमदाबाद शाखा)**
C/o. उमंग शाह
अर्हम् फ्लेक्सीपेक प्रा.लि., बी–४२४, तीर्थराज कॉम्पलेक्स,
वी. एस. हॉस्पिटल के सामने मादलपुर, अहमदाबाद.
मो. ०९८२५१२८४८६

प्रकाशकीय

मनःस्थिरीकरणप्रकरण श्री संघ के करकमल में समर्पित करते हुए हमें आनन्द की अनुभूति हो रही हैं । श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के सन्निष्ठ समर्पित सहकारिगण की कडी मेहनत और लगन से दुर्गम कार्य सम्पन्न हुआ है । इस अवसर पर श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के संशोधन प्रकल्प हेतु गुप्तदान करने वाले दाता एवं श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुडे हुए सभी महानुभावों का हार्दिक अभिनन्दन करते है । इस ग्रन्थ के प्रकाशन का अलभ्यलाभ **श्री पंचमहाजन मेरमांडवाडा श्री सिरोडकी तीर्थ संघ** ने प्राप्त किया है । आपकी अनुमोदनीय श्रुतभक्ति के लिए हम आपके आभारी है ।

श्रुतभवन संशोधन केन्द्र की समस्त गतिविधियों के मुख्य आधारस्तंभ मांगरोळ (गुजरात) निवासी श्री चंद्रकलाबेन सुंदरलाल शेठ परिवार एवं भाईश्री (ईन्टरनेशनल जैन फाऊन्डेशन, मुंबई) के हम सदैव ऋणी है ।

-भरत शाह

(मानद अध्यक्ष)

श्री जित-हीर वृद्धि-तिलक शांतिचन्द्रसूरिजी समुदायवर्ती,

सम्यग्ज्ञानपिपासु स्व.परम पूज्य आचार्यदेव

श्रीमद् विजयरत्नशेखरसूरीश्वरजी म.सा. के शिष्यरत्न

मरुधररत्न प.पू. आचार्यदेव श्रीमद् **विजयरत्नाकरसूरीश्वरजी** म.सा.

की निश्रा में आयोजित

श्रीमहावीरस्वामी आदि जिनबिंबों की अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव

(दि. १३-५-१५ से २१-५-१५) की स्मृति में

श्री पंचमहाजन मेरमांडवाडा

मु.पो.मेरमांडवाडा, वाया कालन्द्री, जिला सिरोही (राजस्थान) ३०७८०२

श्री सिरोडकी तीर्थ संघ

आपकी श्रुतभक्ति की हार्दिक अनुमोदना।

संपादकीय

प्रति परिचय:

मनःस्थिरीकरण प्रकरण का संपादन तीन प्रतियों के आधार पर हुआ है। हमें तीनों प्रतियों की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है।

प्रत **ए**– यह संज्ञा पाटण के भण्डार की ताडपत्रीय प्रति की है। मूलतः संघवी पाडा के भंडार की यह प्रत वर्तमान में श्री हेमचंद्राचार्य जैन ज्ञानभंडार में विद्यमान है। (डाबडा नं.१३४/१) पूज्य मुनिश्री जंबूविजयजी म. सा. के डीवीडी सेट में इस प्रत की कोपी है (डीवीडी नं.५२ पातासंघवी १३४/१)। पूज्य आ.श्री मुनिचंद्रसू.म की कृपा से यह कोपी उपलब्ध हुई है। इस प्रति के कुल पत्र १६+१७८ हैं। प्रत्येक पत्र में ५ पंक्तियां एवं प्रत्येक पंक्ति में ५८ अक्षर है। हमें प्रति की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है, अतः पत्र का माप एवं प्रत की स्थिति के विषय में कहने के लिये अक्षम है। प्रारंभ के १६ पत्र में मनःस्थिरीकरण प्रकरण मूल है उसके बाद पत्र १ से १७८ तक टीका लिखी गई है। पत्र क्रमांक ५९+६० तथा ७८+७९ एकत्र है। पत्र क्रमांक १३० दो बार लिखा है। पत्र क्रमांक ७५, १६९ का पुनरावर्तन हुआ है। प्रत पूर्ण है। इस प्रति के अंत में ग्रंथ लिखानेवाले की प्रशस्ति नहीं है। अतः ग्रन्थ लेखन का संवत् प्रति में नहीं दिया गया। अक्षर सुन्दर है साथ ही काफी शुद्ध है। इस प्रत के ज्यादातर पत्र स्पष्ट एवं पढने योग्य है और कुछ इतने अस्पष्ट काले धब्बे वाले है कि जिसे पढा नहीं जाता। सम्पादन के लिए मुख्य रूप से इस ताडपत्रीय प्रत का ही उपयोग किया है।

प्रत **बी**– यह संज्ञा पू.कांतिवि.शास्त्रसंग्रह, वडोदरा स्थित कागज की हस्तप्रत की है। (नं. २०५५) इसकी प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) पू.मुनिश्री सर्वोदयसागरजी के पास थी और पू.आ.श्री कलाप्रभसागरसू.म.सा. की कृपा से यह कोपी उपलब्ध हुई है। इसके मूलपत्र ५३ हैं। प्रत्येक पत्र में १४ पंक्तियां एवं प्रत्येक पंक्ति में ५५ अक्षर है। हमें प्रति की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है, अतः पत्र का माप एवं प्रत की स्थिति के विषय में कहने के लिये अक्षम है। लेखनकाल वि.सं. १९७० है। प्रत के अंत में लेखक पुष्पिका इस प्रकार है। **इदं पुस्तकं श्रीमदणहिल्लपुरपत्तनस्थसंघवीपाटकचित्कोशगत–ताडपत्रपुस्तकोपरितः संवत् १९७० वर्षे चैत्रकृष्णनवम्यां मन्दवासरे पत्तनवास्तव्य–श्रीमाळीज्ञातीय–लक्ष्मीशंकरात्मजेन गोवर्धनेन त्रिवेदिना प्रवर्तकश्रीमत्कान्तिविजयमुनिकृते लिखितम्।।** स्पष्ट है कि यह प्रत अर्वाचीन है और प्रत ए के कुल की ही है। प्रत पूर्ण है। यह प्रत पाटण के भण्डार की ताडपत्रीय प्रति की अनुकृति है। अतः पाटण के भण्डार की ताडपत्रीय प्रति की तरह इस में प्रथम मूल स्वतंत्र रूप में लिखा गया है। मनःस्थिरीकरण प्रकरण मूल के साथ इस प्रत में आ.श्री महेंद्रसिंहसू.म. रचित आयुःसारसंग्रह नामक लघुकृति भी है। इसका क्रमांक २०५६ है।

प्रत **सी**– यह संज्ञा आ.श्रीवि.कमलसू.जैनहस्तलिखितपुस्तकोद्धारफंड, जैनानन्दपुस्तकालय,सुरत स्थित कागज की हस्तप्रत की है। इसकी प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) पू.आ.श्री वि.नेमिसू.म.सा.के **पू.आ.श्री वि.सोमचंद्रसू.म.सा.** की कृपा से उपलब्ध हुई है। इसके मूलपत्र ४४ हैं। प्रत्येक पत्र में १७ पंक्तियां एवं

प्रत्येक पंक्ति में ५२ अक्षर है। हमें प्रति की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है, अतः पत्र का माप एवं प्रत की स्थिति के विषय में कहने के लिये अक्षम है। लेखनकाल वि.सं. १९ वी सदी का उत्तरार्द्ध है। प्रत के अंत में लेखक पुष्पिका इस प्रकार है- **विजयकमलसूरि-प्राचीनपुस्तकोद्धारफंड तरफथी जैनानन्दपुस्तकालय माटे लखावी।। गोपीपुरा, सुरत।।** स्पष्ट है कि यह प्रत भी अर्वाचीन है और प्रत ए के कुल की है। प्रत पूर्ण है।

इन तीन हस्तप्रतों से अतिरिक्त मनःस्थिरीकरण प्रकरण की अन्य हस्तप्रत से हम अवगत नहीं है। प्रत बी और सी अर्वाचीन है । यह दोनों प्रत पाटण के भण्डार की ताडपत्रीय प्रति (= प्रत ए) के कुल की ही है। प्रत ए का लेखनकाल निश्चित करने के साधन नही है। लिपिकार की लेखनशैली एवं अक्षरों के आकारप्रकार से यह अनुमान होता है कि यह प्रत चौदहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में लिखी गई होगी। परंतु संपादन करते समय यह ज्ञात हुआ कि- प्रकरण की मूल गाथाओं का टीका में परिवर्तन किया गया है। टीका के पाठों का भी परिमार्जन हुआ है। टीकाकार ने अपनी और से टिप्पणी भी लिखी है। अतः यह अनुमान है कि - यह प्रत कर्ता ने स्वयं अपने हाथों से लिखी है। यदि यह अनुमान सच है तो इस प्रत का लेखनकाल तेरहवी सदी का उत्तरार्द्ध है। मनःस्थिरीकरण प्रकरण की इस प्रत से प्राचीन प्रत कोई नहीं है। आश्चर्य की बात तो यह है कि ७०० साल के दीर्घ कालावधि में इतने महत्त्वपूर्ण ग्रंथ की ओर किसी का ध्यान भी नहीं गया है। इसी कारण इस प्रकरण की प्रतिलिपि नही हुई है। यहां तक कि बृहट्टिप्पणीकाकार ने भी इसका उल्लेख नही किया है। तेरहवी शताब्दी के बाद बीसवी शताब्दी में यह ग्रंथ प्रकाश में आया। ऐसा भी नहीं है कि यह ग्रंथ विद्वानों में प्रचलित नहीं था। पंद्रहवी शताब्दी में आचार्यश्री सोमसुन्दरसू.म. ने मनःस्थिरीकरण प्रकरण का आधार लेकर मारुगुर्जर भाषा में 'मनःस्थिरीकरण विचार' नामक कृति की रचना की है। अतः उसकी उपादेयता अवश्य थी किंतु किसी अगम्य कारण से यह ग्रंथ प्रचलित नहीं हो पाया।

आचार्यश्री महेन्द्रसिंहसू.म. अंचलगच्छ के है अतः अंचलगच्छ के वर्तमान पुरोधा विद्याप्रेमी मनीषीप्रवर आचार्यश्री कलाप्रभसागरसू.म.ने कुछ वर्ष पूर्व इस ग्रंथ का संपादनकार्य प्रारंभ किया था। इस कार्य के लिये प्राज्ञवर्य श्री रूपेंद्रकुमार पगारिया को नियुक्त किया था। पगारियाजी ने परिश्रमपूर्वक लिप्यंतर, संपादन निष्पन्न किया। प्रस्तावना आदि से सज्ज हो कर ग्रंथ मुद्रण के लिये तैयार भी हो चुका था, परंतु किसी कारणवश प्रकाशित न हो पाया। पूज्य आचार्यश्री ने यह कार्य विदुषी साध्वी श्रीचंदनबालाश्रीजी को सौंपा। श्रुतभवन में इस ग्रंथ का संपादन हो रहा है यह जानकर साध्वीवर्या ने आचार्यश्री कलाप्रभसागरसू.म. का निर्देश प्राप्त कर पगारियाजी द्वारा संपन्न सामग्री भेज दी। यह सामग्री प्राप्त होने से पूर्व ताडपत्र की (पाटण) प्रत के आधार पर लिप्यंतर और प्राथमिक संपादन हो चुका था। पगारियाजी द्वारा संपन्न सामग्री के कारण संशोधन और सटीक हो सका। अतः मैं आचार्यश्रीकलाप्रभसागरसू.म., साध्वी श्रीचंदनबालाश्रीजी म. तथा श्री रूपेंद्रकुमार पगारिया का ऋण स्वीकार करता हूं।

संपादन पद्धति:

जैसा कि पूर्व कहा है- इस प्रकरण की प्राचीनतम प्रत एक ही है, अन्य प्रत अर्वाचीन है और उसके कुल की ही है। अतः पाठभेद के प्रसंग में ताडपत्र की (पाटण) प्रत को ही प्रधान किया है और पाठभेद को स्वतंत्र रूप में दर्शाना जरुरी नहीं समझा है। इस प्रकरण में जो जो गाथाएँ एवं गद्य भाग उद्धरण के रूप में दिये गये हैं उन के मूल ग्रंथों की सहायता से अशुद्ध पाठों की शुद्धि करने का प्रयास किया है। आदर्श प्रत

एक ही है उसकी लिपिगत अशुद्ध पाठ की जगह संभवित शुद्ध पाठ वर्तुलाकार कोष्ठक () में दिया है। प्रत में क्वचित् अधिक अक्षर, पद आदि का प्रवेश हो गया है, उसे चौरस कोष्ठक में दिया है। प्रकरण की मूल गाथाओं का टीका में परिवर्तन किया गया है । (उदा. गाथा २२, ४१, ४७, ८२, ८३, ८४, ८५, ९१, ९२, ९३, १२, १३३) मूल की गाथा तथा वृत्ति की गाथा के क्रम में भी थोडा सा भेद दिखाई देता है। मूल की १६९ गाथा है तथा वृत्ति की १७० गाथा है। यहां पर वृत्ति सम्मत पाठ को अंतिम मानकर संपादन किया है। टीका के पाठों का भी परिमार्जन हुआ है अर्थात् अनभीष्ट पाठ को टीकाकार ने स्वयं निकाल दिया है। ऐसे पाठ को निकालना ही उचित समझा है। कुछ एक स्थान पर टीकाकार ने अपनी ओर से टिप्पणी भी लिखी है। यह टिप्पणी पादटीप (फूटनोट) में दी है। परिशिष्ट में मनःस्थिरीकरण प्रकरण मूल (परि.१), गाथार्द्ध का अकारादि अनुक्रम (परि.२), उद्धरणस्थल संकेत (परि.३) के साथ साथ मनःस्थिरीकरण प्रकरण के पदार्थों को विशद रूप से समझने के लिये परिशिष्ट ४ में यंत्र = कोष्ठक दिये है।

परिशिष्ट–५ में आचार्यश्री सोमसुन्दरसू.म. कृत '**मनःस्थिरीकरण विचार**' नामक कृति दी है। इस में मनःस्थिरीकरण प्रकरण के पदार्थ उसी क्रम से गुजराती भाषा में प्रस्तुत किये गये है। इसे हम मनःस्थिरीकरण प्रकरण की गुजराती आवृत्ति कह सकते है। 'मनःस्थिरीकरण विचार' की दो हस्तप्रत उपलब्ध हुई है।

(१) पहली प्रत जैन ज्ञानभंडार, संवेगी उपाश्रय, हाजा पटेलनी पोळ, अमदावाद की है (डा. नं. १२९– प्र.नं.४६५४ [२४])। इस प्रत के १२ पत्र है। प्रत्येक पत्र में १६ पंक्तियां एवं प्रत्येक पंक्ति में ६० अक्षर है। पत्र का माप २५/१०.५ है। हमें प्रति की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है,अतः प्रत की स्थिति के विषय में कहने के लिये अक्षम है। मूलतः यह प्रत श्री दयाविमल भंडार, काळुशीनी पोळ अमदावाद की थी ऐसा इस के उपर अंकित मुद्रा (स्टेम्प) से लगता है। प्रत के अंत में लेखक की प्रशस्ति इस प्रकार है– **परमगुरुभट्टारकप्रभुश्रीगच्छनायकसोमसुन्दरसूरिभिः कृतं मुनिलावण्यसागरपठनार्थम्**। इस प्रत का लेखनकाल संभवतः १८वी शताब्दी का उत्तरार्द्ध प्रतीत होता है। प्रत पूर्ण है। पू.आ.श्री कलाप्रभ–सागरसू.म.सा. की कृपा से यह कोपी उपलब्ध हुई है।

(२) दूसरी प्रत भोगीलाल लहेरचंद संशोधन संस्थान, दिल्ली की है (AC No. –B 647/0/DL 00000/30777, DVD 182)। अंत में लेखक की प्रशस्ति इस प्रकार है–**परमगुरुभट्टारकप्रभुश्रीगच्छ–नायकसोमसुन्दरसूरिभिः कृतम्**। इस प्रत का लेखनकाल संभवतः १८ वी शताब्दी का उत्तरार्द्ध प्रतीत होता है। अमदावाद की प्रत से यह अर्वाचीन लगती है। प्रत के पत्र ३२ है। पत्र का माप २८/११.५ है।। प्रत्येक पत्र में ९ पंक्तियां एवं प्रत्येक पंक्ति में ४२ अक्षर है। हमें प्रति की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है, अतः प्रत की स्थिति के विषय में कहने के लिये अक्षम है। प्रत पूर्ण है। संपादन के लिये यह प्रत की छायाप्रति (झेरोक्ष) प्रदान करने के लिये संस्था का आभारी हूं। पूज्य आ.श्री मुनिचंद्रसू.म. की कृपा से यह कोपी उपलब्ध हुई है।

ग्रंथकार कृत **आयुःसारसंग्रह** नामक कृति प्रस्तुत विषय की उपयोगी है अतः उसका समावेश परिशिष्ट ६ में किया है। ८० गाथा प्रमाण इस लघुकृति में चार गति के जीवों के आयुष्य का विचार किया गया है। यह कृति अद्यावधि अप्रगट है। इस की हस्तप्रत पाटण के संघवी पाडा स्थित ताडपत्रीय भंडार में (क्रमांक ११८/२) है। यह 'आर्द्रकुमार कथानक आदि' नामक प्रत की पेटा–कृति है, जो पत्र क्रमांक २६ से शुरू होकर पत्र क्रमांक ३१ पे समाप्त होती है। प्रत्येक पत्र में ६ पंक्तियां एवं प्रत्येक पंक्ति में ६५ अक्षर है। हमें

प्रति की प्रतिछाया (झेरोक्षकोपी) ही उपलब्ध हुई है, अतः पत्र का माप एवं प्रत की स्थिति के विषय में कहने के लिये अक्षम है। इस प्रत का ३०वां पत्र नहीं है अतः ४९ से ६७ तक अठारह गाथा अप्राप्य है। दुर्दैव से इसकी दूसरी प्राचीन हस्तप्रत उपलब्ध नहीं है। प्रवर्तक श्री कांतिवि.म. ने इसी हस्तप्रत की प्रतिलिपि करवाई है अतः उस में भी विच्छिन्न पाठ नहीं है। (इसका क्रमांक २०५६ है) इस प्रत में पत्र २६/२७ का कुछ भाग अवाच्य हो गया है। कर्ता ने टिप्पणी भी की है परंतु वह भी अवाच्य है।

मनःस्थिरीकरण प्रकरण की ७४/७५ वी गाथा में ग्रंथकार ने प्रज्ञापना सूत्र के तेईसवें पद के तीसरे उद्देश से संकलित एकेन्द्रियादि के १५८ प्रकृतिबन्ध की विचारणा प्रस्तुत की है वह स्वतंत्र कृति जैसी है अतः उसका समावेश परिशिष्ट ७ में किया है।

मेरे परम उपकारी **परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय रामचंद्रसूरीश्वरजी महाराजा, पितृगुरुदेव परम पूज्य मुनिप्रवरश्री संवेगरति विजयजी म.सा.**की पावन कृपा, **बंधुमुनिवरश्री प्रशमरतिविजयजी म.**का स्नेहभाव एवं **परम पूज्य साध्वीजी श्रीहर्षरेखाश्रीजी म.की शिष्या साध्वीजी श्रीजिनरत्नाश्रीजीम.**का निरपेक्ष सहायकभाव मेरी प्रत्येक प्रवृत्ति की आधारशिला है। आपके उपकारों से उऋण होना संभव नहीं है।

संपादन के इस कार्य में मुझे **पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय मुनिचंद्रसू. म.** के मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहायता प्राप्त होती रही है। आपकी उदारचित्तता को शत शत नमन। संपादन कार्य में श्रुतभवन संशोधन केन्द्र के सभी संशोधन सहकर्मी ने भक्ति से सहकार्य किया है अतः वे साधुवादार्ह है।

यद्यपि कर्मग्रंथ मेरा विषय नहीं है फिर भी अन्यान्य ग्रंथों की सहायता से मनःस्थिरीकरण प्रकरण का शुद्ध संपादन करने का प्रयास किया है। प्रमादवश कुछ अशुद्धियाँ रह गई हो तो विद्वान पाठकगण सम्पादक के प्रमाद को और भूल को क्षमा प्रदान करेंगे ऐसी विनम्र प्रार्थना है।

– वैराग्यरतिविजय

श्रुतभवन, पुणे
२७.१२.१२

परिचय

जैन दर्शन निरीश्वरवादी है। विश्व की व्यवस्था में ईश्वरवादी दर्शनों ने जो स्थान ईश्वर को दिया है वह स्थान जैन दर्शन ने कर्म को दिया है। वैदिक ईश्वरवादी दर्शनों ने ईश्वर के विषय में जितना विचार किया है उससे अधिक जैन दर्शन ने कर्म का विचार किया है। समग्र जैन साहित्य में आगम के बाद सबसे विस्तृत कर्म-साहित्य ही है। **मनःस्थिरीकरण प्रकरण** नामक प्रस्तुत कृति का समावेश कर्मसाहित्य में होता है।

मनःस्थिरीकरण प्रकरण इस नाम के कारण यह ग्रंथ योगप्रधान प्रतीत होता है, किंतु ग्रंथ का प्रधान वाच्य कर्मग्रंथ में वर्णित विषय ही है अतः यह ग्रंथ कर्मसाहित्य से संबद्ध है। द्रव्यानुयोग की तरह गणितानुयोग से भी ध्यान के द्वारा मन की स्थिरता प्राप्त होती है इसलिये इस ग्रंथ की विषयवस्तु मनःस्थिरता का परम साधन होने से ग्रंथकार ने प्रस्तुत प्रकरण का **मनःस्थिरीकरण प्रकरण** ऐसा सान्वर्थ नामाभिधान किया है।

ग्रंथकार

भारतीय संस्कृति की अन्तरात्मा है संत संस्कृति। जो संतों की साधना-आराधना से ही अंकुरित पल्लवित, पुष्पित और फलित हुई है। वस्तुतः संतों की महिमाशालिनी चर्या और वाणी का इतिहास ही भारत की आध्यात्मिक संस्कृति का इतिहास है। अतीत के अगणित संत महात्माओं की जीवनी आज भी प्रेरणा का अजस्र प्रखर स्रोत है। ऐसे ही थे श्रमण संस्कृति की गौरवमयी अंचलगच्छ की परम्परा के महान संत आचार्य श्री महेन्द्रसिंहसूरीश्वरजी महाराज। ये प्रखर चिंतक, प्रौढ वक्ता एवं कुशल साहित्यकार थे।

इनका जन्म मरुदेशान्तर्गत सरानगर में श्रीमाल ज्ञातीय देवप्रसाद की पत्नी क्षीरदेवी के उदर से सं. १२२८ में हुआ। जन्म नाम महेन्द्रकुमार था। दीक्षा के पश्चात् ये महेन्द्रसिंहसूरि के नाम से विख्यात हुए। श्री मेरुतुंगसूरि की पट्टावली में ये औदिच्य ब्राह्मण पण्डित देवप्रसाद के पुत्र थे। कहा जाता है कि आचार्य धर्मघोषसूरि ने नागड गोत्रीय रुणा श्रेष्ठी के आग्रह से सरानगर में चातुर्मास किया। पण्डित देवप्रसाद उन दिनों मुनियों को व्याकरण पढा रहे थे। महेन्द्रकुमार की बालसुलभ क्रीडा से आचार्य श्री धर्मघोषसूरि बडे प्रभावित थे। यदा कदा वह आचार्यश्री की गोद में बैठ जाता और अपनी मधुर एवं आनन्दप्रद वाणी से आचार्य एवं अन्य मुनियों का मनोरंजन करता। बालक की प्रतिभा एवं उसके उज्ज्वल भविष्य को देखकर आचार्यश्री ने पण्डित देवप्रसाद से बालक की याचना की। पण्डित देवप्रसाद ने प्रसन्नतापूर्वक बालक को आचार्यश्री के चरणों में रख दिया। पं. देवप्रसाद का एवं पत्नी क्षीरदेवी का संघ ने खूब सन्मान किया।

अंचलगच्छदिग्दर्शन के अनुसार महेन्द्रकुमार ब्राह्मणपुत्र नहीं किन्तु श्रेष्ठीपुत्र था। बालक जब नौ वर्ष का हुआ तब वि.सं. १२३७ में खम्भात में बडे उत्सवपूर्वक आचार्य धर्मघोषसूरि ने उसे दीक्षा दी। अल्पकाल में ही ये संस्कृत-प्राकृत भाषा के प्रखर विद्वान् बने। उनकी प्रतिभा से प्रभावित हो उन्हें वि.सं. १२५७ में उपाध्याय के पद से विभूषित किया। सं.१२६३ में इन्हें आचार्य पद प्रदान किया। ये वाङ्मिता के अनन्यतम धनी थे। उनकी वाणी में श्रोताओं को उद्वेलित कर देने वाली चुम्बकीय शक्ति थी। गहरे पैठ जानेवाली उपदेशात्मक प्रवृत्तियों से अभिप्रेरित हो कर उन्होंने अज्ञानियों, अशिक्षितों, भूले-भटकों, संशयग्रस्तों के मन में सच्चरित्रता और निष्ठा का अखण्ड दीपक प्रदीप्त किया। कच्छ, गुजरात एवं राजस्थान के अधिकांश जनपदों का विहार करके जनता जनार्दन में आध्यात्मिक चेतना जागृत की। आपके उपदेश से अनेक श्रेष्ठियों ने लाखों

रूपया खर्च कर जिनमन्दिरों का निर्माण किया, अनेक जिनमन्दिरों का जीर्णोद्धार हुआ। बडे उत्सवपूर्वक प्रतिष्ठाएँ हुई। दुष्काल पीडित लाखों को सहायता मिली। अनेक महातीर्थों के संघ निकाले गये। इन्होंने अपने जीवनकाल में राजे महाराजे, ठाकुर, जागीरदारों, साहूकारों को उपदेश दे कर उन्हें जैनधर्म का अनुरागी बनाया। एवं कुरीतियों, अन्धविश्वासों एवं सामाजिक विरोध को दूर करने का प्रयत्न किया।

शिष्य परिवार

कहा जाता है कि इनके १६ प्रधान एवं विद्वान् शिष्य थे। उनमें प्रसिद्ध साहित्यकार एवं प्रखर मंत्रशास्त्री आचार्य भुवनतुंगसूरि भी थे। इन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना कर साहित्यश्री की समृद्धि की थी। अन्य शिष्यों में चन्द्रप्रभसूरि भी एक विद्वान् शिष्य थे। जिन्होंने चन्द्रप्रभस्वामिचरित्र की रचना की थी। कवि धर्ममुनि ने सं.१२६६ में जम्बूस्वामिचरित्र की रचना की। इस प्रकार महेन्द्रसिंहसूरि के कई प्रखर अध्ययनशील विद्वान् शिष्य हो गये जिन्होंने साहित्य जगत की अपूर्व सेवा की।

महान साहित्यकार

संस्कृत एवं प्राकृत साहित्य के विकास में जिन विद्वानों ने अपनी महत्वपूर्ण कृतियों से असाधारण योगदान किया है उनमें आचार्य श्रीमहेन्द्रसूरिजी नाम सविशेष है। इन्होंने कई महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखकर साहित्य की अनुपम सेवा की है। अपने गुरु विद्वान् धर्माचार्य श्रीधर्मघोषसूरि के सान्निध्य में रहकर इन्होंने उच्चकोटि की विद्वत्ता प्राप्त की। आपके द्वारा रचित कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथ ये हैं–

(१) **शतपदी प्रश्नोत्तरपद्धति**– आचार्यश्रीधर्मघोषसूरिजी द्वारा रचित शतपदी में कुछ विशेष प्रश्नों को मिलाकर कुछ क्रमपद्धति में परिवर्तन कर वि.सं. १२९४ में सुश्लिष्ट संस्कृत में शतपदी प्रश्नोत्तरपद्धति की रचना की। अंचलगच्छ की समाचारी को जानने के लिए यह अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण ग्रंथ है।

(२) **अष्टोत्तरी तीर्थमाला**– आपने अपने जीवन काल में अनेक तीर्थों की यात्रा की। अपनी यात्रा के अनुभव के निचोड के रूप में अष्टोत्तरी तीर्थमाला नामक १११ श्लोक प्रमाण प्राकृत में ऐतिहासिक ग्रंथ की रचना की। यह तीर्थमाला अष्टोत्तरीस्तव के नाम से प्रकाशित भी हुआ है। इसी ग्रंथ पर आचार्य श्रीमहेन्द्रसिंहसूरि ने प्राकृत में ३००० श्लोकप्रमाण वृत्ति की भी रचना की।

(३–४)**आतुरप्रत्याख्यान तथा चतुःशरण प्रकीर्णक अवचूरि–** आचार्य श्रीमहेन्द्रसिंहसूरि ने आतुरप्रत्याख्यान तथा चतुःशरण पयन्ना पर अवचूरि की भी रचना की।

(५) **मनःस्थिरीकरण प्रकरण**– आचार्य श्रीमहेन्द्रसिंहसूरि ने मनःस्थिरीकरण प्रकरण नामक ग्रन्थ की रचना १२८४ में की। यह मूलग्रंथ १७० प्राकृत गाथा में रचा गया है। उस पर आपने २३०० श्लोक प्रमाण स्वोपज्ञ वृत्ति की रचना की। यह ग्रंथ पाठकों के हाथ में है।

(६) **विचारसप्ततिका**– इस ग्रंथ में बारह विचारों पर चर्चा की है। इस ग्रंथ की ८१ गाथा है। इस पर तपागच्छीय आ.श्रीदेवसूरिजी के शिष्य मुनि श्री विमलकुशल ने वृत्ति की रचना की है (वि.सं. १६५२)।

(७) **आयुःसारसंग्रह**– आचार्य श्रीमहेन्द्रसिंहसूरिजी ने वि.सं. १२८४ में प्राकृत में आयुःसारसंग्रह नामक ग्रंथ की रचना की है। यह लघुकृति ८२ गाथा प्रमाण है। इस में सभी जीवस्थानों में जघन्य आदि आयुष्यकर्म का विचार प्रस्तुत है। संभवतः यह कृति मनःस्थिरीकरण प्रकरण की पूरक कृति है। इसके अतिरिक्त

गुरुगुणषट्त्रिंशिका जैसे सुन्दर स्तोत्र साहित्य की भी आपने रचना की। आपने अन्य भी अनेक छोटे बडे ग्रन्थ की रचना कर साहित्य जगत की अपूर्व सेवा की।

स्वर्गवास

दीर्घकालीन संयम जीवन में आपने धार्मिक सामाजिक एवं साहित्य क्षेत्र में जो प्रदान किया है वह अमूल्य है। इस प्रकार आप विहार करते हुए अपने अंतिम चातुर्मास के लिए खंभात में विराजमान थे। वि.सं. १३०९ में पर्यूषण पर्व में कल्पसूत्र का वाचन करते करते पाट पर बैठे बैठे ही आप समाधिपूर्वक स्वर्गवासी हो गये[१]।

मनःस्थिरीकरणप्रकरण सार

प्रथम ग्रन्थकार मंगलाचरण करते हुए श्रीवर्द्धमान (महावीर भगवान) की वन्दना करते हैं[२]। पश्चात् कहते है कि यह मन हाथी के कान की तरह, उच्च शिखर स्थित ध्वज की तरह अत्यंत चंचल है। इस चंचल मन को स्थिर करने के लिए ही मैं इस ग्रन्थ की रचना करता हूँ। मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ है। दुर्लभ मानव भव में जिन धर्म को प्राप्त कर कर्म का नाश करने का उपाय करना चाहिए। कर्मनाश करने के आवश्यक स्वाध्याय, ध्यान, धर्म देशना आदि अनेक साधन हैं किन्तु कर्म को नाश करने का एक मात्र साधन ध्यानयोग ही है[३]।

ध्यान–

साधना के क्षेत्र में ध्यान का महत्व बहुत उँचा है। ध्यान की महिमा अपरंपार है। तीनों लोक में ऐसा कोई भी कार्य नही जो ध्यान के द्वारा साध्य न हो। ध्यान के प्रताप से ध्याता संसार के ताप, संताप, परिताप एवं समस्त पाप से मुक्ति पाता है। कहा भी है–

जह चिरसंचियमिंधणमणलो पवनसहिओ हुयं डहइ। तह कम्मिंधणममियं, खणेण झाणानलो डहइ ।।
जह वा घणसंघाया, खणेण पवणाहया विलिज्जंति। ज्झाणपवणावधूया, तह कम्मघणा विलिज्जंति ।।[४]

(ध्यानशतक १०१/१०२)

'जैसे लम्बे समय से संग्रहीत सूखी लकडी के ढेर को पवन सहित अग्नि जलाकर नष्ट कर देती है वैसे ही ध्यान रूपी अग्नि चिरकाल से संचित कर्म को नष्ट कर देती हैं। जैसे बादलों का समूह पवन से नष्ट हो जाता है वैसे ही ध्यान रूपी पवन से कर्म रूपी बादल नष्ट हो जाते हैं।'

ध्यान एक पाप रहित साधना है। इस साधना में जरा सा भी पाप का अंश नहीं होता। पाप क्यों नहीं होता? इसका उत्तर यह है कि– ध्यान के काल में चित्तवृत्ति शान्त रहती है, अतः नवीन कर्मों का बन्ध नहीं होता। ध्यान करते समय किसी का भी अनिष्ट चिन्तन नहीं किया जाता, प्रत्युत सब जीवों के श्रेय के लिए विश्व कल्याण की भावना भाई जाती है, फलतः आत्मस्वभाव में रमण करते करते साधक अध्यात्म विकास की उच्च श्रेणियों पर चढता हुआ आत्मनिरीक्षण करने लग जाता है, तथा अशुद्ध व्यवहार, अशुद्ध उच्चार, अशुद्ध विचार के प्रति पश्चाताप करता है उनका त्याग करता है, अठारह पापों से अलग हो कर आत्म जागृति

१ संदर्भ – अंचलगच्छना इतिहासनी झलक पृ. ५६, २ संदर्भ–गाथा – १,
३ संदर्भ–गाथा – १, वृत्ति, ४ संदर्भ–गाथा – २, वृत्ति

के क्षेत्र में पवित्र ध्यान के द्वारा कर्मों की निर्जरा करता है। ध्यान से विशुद्ध हुआ आत्मा ज्ञानावरणादि घातिकर्मों का सर्वथा नाश कर लोकालोकप्रकाशक केवलज्ञान को प्राप्त कर अनन्त सुख शांति को प्राप्त करता है।

ध्यान की साधना के लिए प्रथम आवश्यक है- भावशुद्धि। भावशुद्धि से अभिप्राय है मन, वचन और शरीर की शुद्धि अर्थात् इनकी एकाग्रता। जब तक साधक मन, वचन और काया को एकाग्र नहीं करता तब तक वह ध्यान की प्रक्रिया में उत्क्रान्ति नहीं ला सकता। मन की गति बडी विचित्र है। एक प्रकार से जीवन का सारा भार ही मन के ऊपर पडा हुआ है। महाभारतकार कहते हैं-

'मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः'।

'मन ही मनुष्यों के बन्ध और मोक्ष का कारण है।' वास्तव में यह बात है भी ठीक। मन का काम विचार करना है, फलतः आकर्षण-विकर्षण, कार्याकार्य, स्थितिस्थापकता आदि सब कुछ विचार शक्ति पर ही निर्भर है। और तो क्या? हमारा सारा जीवन ही विचार है। विचार ही हमारा जन्म है, मृत्यु है, उत्थान है, पतन है, स्वर्ग है, नरक है, सब कुछ है। विचारों का वेग अन्य सब वेगों की अपेक्षा अधिक तीव्र गतिमान होता है। आज-कल के विज्ञान का मत है कि प्रकाश का वेग एक सेकण्ड में १८००० मील है। विद्युत का वेग २८८००० मील है, जब की विचारों का वेग २२६५१२० मील है। उक्त कथन में अनुमान लगाया जा सकता है कि मनोजन्य विचारों का प्रवाह कितना तेज है।

विचारशक्ति के मुख्यतया दो भेद है। एक कल्पनाशक्ति और दूसरी तर्कशक्ति। कल्पनाशक्ति का उपयोग करने से मन में अनेक प्रकार के संकल्प विकल्प उठने लगते हैं। मन चंचल और वेगवान हो जाता है किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं रहती। इन्द्रियों पर जिनका राजा मन है, जिन पर वह शासन करता है, स्वयं अपना नियंत्रण कायम नहीं रख सकता। जब मन चंचल हो उठता है, तो कर्मों का प्रवाह चारों ओर से अन्तरात्मा की ओर उमड पडता है। फलस्वरूप आत्मा दीर्घकाल तक कर्मफल से आबद्ध हो जाता है। मन की दूसरी शक्ति तर्कशक्ति है, जिसका उपयोग करने से कल्पनाशक्ति पर नियंत्रण स्थापित हो जाता है। विचारों को व्यवस्थित बनाकर असत्संकल्पों का मार्ग छोडा जाता है, एवं सत्संकल्पों का मार्ग अपनाया जाता है। तर्कशक्ति के द्वारा पवित्र हुई मनोभूमि में ज्ञान एवं क्रियारूपी अमृत जल से सिंचन पाता हुआ समभाव रूपी कल्पवृक्ष बहुत ही शीघ्र फलशाली हो जाता है। राग, द्वेष, भय, शोक, मोह, माया आदि का अन्धकार कल्पना का अन्धकार है, और वह शुभ तर्कशक्ति का सूर्यउदय होते ही तथा अहिंसा, दया, सत्य, संयम, शील, संतोष आदि की किरणें प्रस्फुरित होते ही अपने आप ध्वस्त-विध्वस्त हो जाता है।

प्रश्न यह है कि- मन को नियन्त्रित कैसे किया जाय? मन का नियन्त्रण दो प्रकार से किया जा सकता है। एक तो उसकी गति का मार्ग परिवर्तन करने से और दूसरे उसे गतिहीन कर देने से। योग दर्शन में मन को गतिहीन बनाने का विधान है किन्तु मनस्थिरीकरण के लेखक आचार्य ऐसा नहीं मानते, उनका विश्वास मार्ग परिवर्तन पर ही है। उनका कहना है कि मन जब तक मन रूप में है, गतिशील ही रहेगा। उसे गतिहीन करना सम्भव नहीं है। वह कुछ न कुछ करता ही रहता है। अतः मन को वश में रखने का यही एक उपाय है कि- उसको दुर्ध्यान से हटाकर सद्ध्यान, सच्चिंतन की ओर लगा दिया जाय[1]।

---

१ कपिवच्च बहिर्विषयव्यापारं विना कदाचिदपि स्थिरं न भवति । ततः तज्जिनोपदेशरज्जुभिः सम्यग् नियम्य शुभध्यानारामे रमयितव्यमिति श्रुतोपदेशः ।

ध्यान का सामान्य अर्थ विचार है[1]। चित्त के द्वारा किसी विशेष शुद्ध रूप के चिन्तन करने को ध्यान कहते है। ध्यान में मुख्य तीन वस्तुएँ होती है- ध्याता, ध्येय और ध्यान। ध्यान करनेवाला 'ध्याता' होता है। ध्यान के लिए जिसका अवलम्बन किया जाता है वह 'ध्येय' होता है। और जो कुछ भी चिन्तन होता है, वह 'ध्यान' कहलाता है। ध्याता और ध्यान का मुख्य आधार ध्येय ही होता है अतः ध्येय का विचार किया जाता है।

ध्येय के चार प्रकार हैं- पिण्डस्थ, पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत[2]।

पिण्डस्थ- शान्त, कान्त एवं एकान्त स्थान में सिद्धासन आदि किसी श्रेष्ठ आसन से बैठकर पिण्डस्थ ध्यान ध्याया जाता है। पिण्ड यानी शरीर में विराजमान आत्मा रूप ध्येय का ध्यान पिण्डस्थ ध्यान होता है।

पदस्थ- दूसरा पदस्थ ध्यान है। यह पदों के द्वारा किया जाता है। अतः इसे पदस्थ कहते हैं। इसका कोई एक प्रकार नहीं है। साधक अपनी इच्छानुसार इसका संकल्प बना सकता है।

रूपस्थ- रूपस्थ की प्रक्रिया में महापुरुष तीर्थंकरों के भिन्न भिन्न संकल्पचित्र विचारे जाते हैं। महापुरुषों के संकल्प से आत्मा में दृढ साहस, पौरुष एवं आध्यात्मिक शक्ति का संचार होता है।

रूपातीत- रूपातीत का अर्थ है रूप से अतीत अर्थात् रूप रंग से सर्वथा रहित। यह अन्तिम प्रकार है। इसमें कर्ममल से रहित अशरीरी अजर, अमर, सिद्ध, भगवान के रूप में अपनी आत्मा का दृश्य विचारा जाता है। यहाँ पहुँचकर संकल्प करना चाहिए कि मैं देह नहीं हूँ क्यों कि देह दृश्यमान होता है, मैं दृष्टा हूँ। मैं इन्द्रिय भी नहीं हूँ, क्यों कि इन्द्रियाँ भौतिक हैं, मैं अभौतिक हूँ। मैं प्राण नहीं हूँ क्यों कि प्राण अनेक है, मैं पूर्ण स्थिर हूँ। इस प्रकार विचार करते करते अपने आप को सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, निर्विकार, आनन्दरूप, ज्योतिर्मय विचारना चाहिए। यह रूपातीत ध्यान है।

आगम साहित्य में चार ध्यानों का भी उल्लेख आता है- आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान और शुक्ल-ध्यान[3]। आर्त और रौद्रध्यान नरकादि अनन्त संसार में परिभ्रमण का कारण होने से इसका साधक को त्याग करना चाहिए। जब तक साधक के मन पर आर्त और रौद्र ध्यान के दुःसंकल्प नहीं हटतें तब तक वह आत्म के शुद्ध स्वरूप को प्राप्त नहीं कर सकता। अतः साधक इन दुर्ध्यान से आत्मा को सदैव बचाकर रखें।

आत्मा को सर्वोच्च स्थिति पर पहुँचानेवाला ध्यान धर्मध्यान और शुक्लध्यान है। धर्मध्यान के चार प्रकार है- आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय।

आज्ञा विचय- भगवान की आज्ञा क्या है? उसका हमारे जीवन से क्या सम्बन्ध है? भगवान की आज्ञाओं का आराधन कर हम अपने जीवन को पवित्र बना सकते हैं? दूसरे मत-प्रवर्तकों की वाणी की अपेक्षा जिनवाणी की क्या विशेषता है? आदि विचारों का तलस्पर्शी अध्ययन करना चिन्तन करना आज्ञाविचय धर्मध्यान है।

अपायविचय- अपने में क्या क्या दोष रहे हुए है? क्रोध, मान, माया और लोभ का वेग कितना कम हुआ है कितना बाकी है? कर्म बन्धन क्यों होता है? इससे कैसे छुटकारा हो सकता है? दूसरे जीवों को भी पाप मार्ग से कैसे बचा सकता हूँ? यह विचार धारा अपायविचय है।

---

१ आवश्यक चूर्णि ४ अ./योगशास्त्र७.१/ज्ञानार्णव४.५, २ योगशास्त्र७.५.१, ३ स्थानांग ४.१.६

विपाकविचय- जीव सुखी किस कर्म से होता है और दुःखी किस कर्म से होता है? किस कर्म का क्या फल होता है? या फल तीव्र या मन्द क्यों कर हो सकता है? आदि गम्भीर विचार विपाकविचय कहलाता है।

संस्थानविचय- लोक का क्या स्वरूप है? नरक और स्वर्ग का क्या स्वरूप है? मुक्ति का क्या संस्थान है? जड और चेतन में क्या भेद है? पुद्गल शुभ से अशुभ और अशुभ से शुभ कैसे बदल जाता है? आदि विचार संस्थानविचय कहा जाता है।

चेतना की निरुपाधिक परिणति शुक्लध्यान है। उसके भी चार प्रकार है[१]-

(१) पृथक्त्व-वितर्क-सविचार, (२) एकत्व-वितर्क-अविचार,

(३) सूक्ष्म-क्रिया-अप्रतिपाति, (४) समुच्छिन्न-क्रिया-अनिवृत्ति

(१) पृथक्त्व-वितर्क-सविचार : एक द्रव्य विषयक अनेक पर्यायों का पृथक् पृथक् रूप के विस्तारपूर्वक पूर्वगत श्रुत के अनुसार द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक आदि नयों से चिन्तन करना पृथक्त्ववितर्कसविचार है। यह ध्यान विचार सहित होता है। विचार का स्वरूप है अर्थ, व्यञ्जन(शब्द) एवं योगों में संक्रमण। अर्थात् इस ध्यान में अर्थ से शब्द में और शब्द से अर्थ में और शब्द से शब्द में, अर्थ में एवं योग से दूसरे योग में संक्रमण होता है। पूर्वगत श्रुत के अनुसार विविध नयों से पदार्थों के पर्यायों का भिन्न भिन्न रूप से चिन्तन रूप यह शुक्ल ध्यान पूर्वधर को होता है और मरुदेवी माता की तरह जो पूर्वधर नहीं है, उन्हें अर्थ, व्यञ्जन एवं योगों में परस्पर संक्रमण रूप यह शुक्लध्यान होता है।

(२) एकत्व-वितर्क-अविचार : जब एक द्रव्य के किसी भी पर्याय का अभेद दृष्टि से चिन्तन किया जाता है और पूर्वश्रुत का आलम्बन लिया जाता है वह एकत्व वितर्क है। इस ध्यान में अर्थ, व्यञ्जन एवं योगों का संक्रमण नहीं होता । निर्वात गृह में रहे हुए दीपक की तरह इस ध्यान में चित्त विक्षेप रहित अर्थात् स्थिर रहता है।

(३) सूक्ष्म-क्रिया-अप्रतिपाति : निर्वाण गमन के पूर्व केवली भगवान मन, वचन, योगों का निरोध कर लेते है और अर्द्ध काय योग का भी निरोध कर लेते हैं। उस समय केवली के कायिकी उच्छ्वास आदि सूक्ष्म क्रिया ही रहती है। परिणामों के विशेष बढे चढे रहने से यहाँ से केवली पीछे नहीं हटते। यह तीसरा सूक्ष्मक्रिया अप्रतिपाति शुक्ल ध्यान है।

(४) समुच्छिन्न-क्रिया-अनिवृत्ति : शैलेशी अवस्था को प्राप्त केवली सभी योगों का निरोध कर लेता है। योगों के निरोध से सभी क्रियाएँ नष्ट हो जाती है। यह ध्यान सदा बना रहता है इसलिए इसें समुच्छिन्न क्रिया अप्रतिपाती शुक्ल ध्यान कहते हैं। प्रथम ध्यान सभी योगों में रहता है। द्वितीय ध्यान किसी एक ही योग में होता है। तृतीय ध्यान केवल काययोग में होता है। चौथा ध्यान अयोगी को ही होता है।

छद्मस्थ के मन को निश्चल करना ध्यान कहलाता है। शुक्ल ध्यान पूर्वधर एवं विशिष्ट संहनन वाले ही कर सकते है। अतः यहाँ धर्मध्यान का ही विचार करना चाहिए। ध्यान के लिए निम्नलिखित बातें उपयोगी हो सकती है।

---

१ तत्त्वार्थसूत्र - ९.४.१, ध्यानशतक - ७७/७८

स्थान शुद्धि : सर्वप्रथम तो जहाँ ध्यान करना हो वह स्थान पवित्र वातावरण से शुद्ध होना चाहिए। जहाँ बालक कोलाहल करते रहते हो; स्त्री, पुरुष, पशु आदि से युक्त हो; मक्खी, मच्छर, सर्प आदि से युक्त हो वह स्थान ध्यान के लिए अयोग्य माना गया है। ध्यान के लिए एकान्त-शान्त स्थान होना चाहिए।

समय : यद्यपि कोई समय निश्चित नहीं है फिर भी ध्यान के लिए प्रभात का समय सुन्दर माना गया है। यदि प्रभातकाल में न हो सके तो सायंकाल में या मध्यरात्रि के समय शान्त वातावरण में ध्यान करने से चित्त की प्रसन्नता बढती है।

आसन : योग के अंगों में से आसन तीसरा अंग माना गया है। दृढ आसन का मन पर बडा प्रभाव होता है। आसन की अस्थिरता से मन भी अस्थिर रहता है। अतः ध्यान के लिए सिद्धासन, पद्मासन या पर्यंकासन सब से श्रेष्ठ माना गया है। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुखकर के काष्ठ पट्टिका या शुभ पवित्र आसन पर पद्मासन या पर्यंकासन से ध्यान करना चाहिए[१]।

ध्यान का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। प्राचीन आचार्यों ने ध्यान के अनेक प्रकार हमारे सामने रखे है जिनके द्वारा हम अपने चंचल मन को वश में कर सकतें हैं। विचारों के एकीकरण तथा पवित्रीकरण का सर्वश्रेष्ठ साथ ही सरल साधन है धर्मतत्त्व का चिन्तन। तत्त्वों के चिन्तन से मन की स्थिरता, चित्त की शुद्धि एवं ज्ञान की वृद्धि होती है। ग्रन्थकर्ता ध्याता को क्या चिन्तन करना चाहिए उसे विस्तृत रूप से बतातें हैं। प्रथम ध्याता तत्त्व का चिन्तन करें[२]।

तत्त्व की परिभाषा

प्रश्न होता है, जिसे हम 'तत्त्व' शब्द से पुकारते हैं वह तत्त्व क्या है? 'तस्य भावस्तत्त्वम्'। 'तत्' शब्द सर्वनाम पद है और सर्वनाम सामान्य अर्थ का बोधक है। अतः इसके अनुसार वस्तु को तत्त्व कहा जाता है। अर्थात् जो पदार्थ जिस रूप में विद्यमान है उसका उस रूप में होना यही तत्त्व शब्द का अर्थ है। शब्द शास्त्र के अनुसार प्रत्येक सद्भूत वस्तु को तत्त्व शब्द से सम्बोधित किया जाता है। जैनाचार्यों ने शब्द शास्त्र की अपेक्षा से तत्त्व शब्द की अधिक व्याख्या करते हुए कहा है-

तत्त्वं सल्लाक्षणिकं सन्मात्रं वा यतः स्वतः सिद्धम्[३]।

तत्त्व का लक्षण सत् है अथवा सत् ही तत्त्व है। इसलिए वह स्वभाव से सिद्ध है। किसी भाव यानी सत् का कभी नाश नहीं होता है और असत् की उत्पत्ति नहीं होती है। इसीलिए आकाशकुसुम की तरह जो सर्वथा असत् है वह तत्त्व नहीं हो सकता। स्वयं भगवतीसूत्रकार कहते है-'**सद्दव्वं वा**'। अर्थात् द्रव्य(तत्त्व) का लक्षण सत् है। यह सत् स्वतः सिद्ध है और नवीन अवस्थाओं की उत्पत्ति एवं पुरानी अवस्थाओं का विनाश होते रहने पर भी अपने स्वभाव का कभी परित्याग नहीं करते है। वाचक मुख्य उमास्वाति ने सत् की व्याख्या करते हुए कहा है-**उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्**[४]।

यानी जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य इन तीनों से युक्त अर्थात् तदात्मक है, उसे सत् कहते हैं। भगवान महावीर की वाणी में सत् के स्वरूप की व्याख्या इस प्रकार की है-

---

१ संदर्भ-गाथा - ३ वृत्ति । २ संदर्भ-गाथा - २ । ३ तत्त्वार्थसूत्र वृत्ति
४ तत्त्वार्थसूत्र - ५.२९

उप्पन्ने ई वा निगमे ई वा धुवे ई वा[1]।

उत्पन्न होने वाले, नष्ट होने वाले और ध्रुव रहने वाले को सत् कहते हैं। इसीलिए सत् की न तो आदि है और न अन्त है। उसका न तो कभी नाश होता है और न कभी नया उत्पन्न होता है। वह सदैव तीनों कालों में विद्यमान रहता है। यही तत्त्व है।

तत्त्वों की संरचना

जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आश्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये नौ तत्त्व हैं। नौ तत्त्वों में सब से पहला तत्त्व जीव है । उसके २५ स्थान है । वे ये हैं- (१) जीवस्थानक (२) गुणस्थानक (३) योग (४) उपयोग (५) तनु (६) लेश्या (७) दृष्टि (८) पर्याप्ति (९) प्राणः (१०) आयुष्क (११) आगति (१२) गति (१३) कुलकोडि (१४) योनिलक्ष (१५) वेद (१६) कार्यस्थिति (१७) संहनन (१८) संस्थान (१९) अवगाहना (२०) मूलप्रकृतिबन्ध (२१) उत्तरप्रकृतिबन्ध (२२) समुद्घात (२३) कर्मबन्ध मूलहेतु (२४) उत्तरहेतु (२५) कषाय। इन जीवतत्त्व के २५ स्थानों का ध्यान करना चाहिए।

	स्थान	प्रकार	नाम
१	जीवस्थानक	१४	जीव और उसके भेद
२	गुणस्थानक	१४	मिथ्यात्व गुणस्थानादि
३	योग	१५	मन, वचन, काया आदि
४	उपयोग	१२	साकार, अनाकार उपयोगादि
५	शरीर	५	औदारिकादि
६	लेश्या	६	कृष्ण, नीलादि
७	दृष्टि	३	सम्यग्, मिथ्या, मिश्रादि
८	पर्याप्ति	६	आहार, शरीरादि
९	प्राण	१०	श्रोत्रादि
१०	आयु	३	जघन्य, मध्यम, उत्कृष्टादि
११	आगति	४	देव, नारक, मनुष्यादि
१२	गति	५	देव, नारकादि
१३	कुल कोडि		
१४	योनि		८४ लक्ष
१५	वेद	३	स्त्री, पुरुष, नपुंसक
१६	कायस्थिति	३	जघन्य, उत्कृष्टादि
१७	संहनन	६	वज्रऋषभनाराचादि

१ आवश्यकनिर्युक्तिमलयगिरिटीका

१८	संस्थान	६	समचतुरस्रादि
१९	अवगाहना	३	जघन्य, उत्कृष्टादि
२०	मूलप्रकृति	८	ज्ञानावरणादि
२१	उत्तरप्रकृति	१२०	मतिज्ञानावरणादि
२२	समुद्धात	७	वेदनादि
२३	कर्मबन्ध के मूल हेतु	४	मिथ्यात्वादि
२४	कर्मबन्ध के हेतु उत्तरभेद	५७	आभिग्रहिक मिथ्यात्वादि
२५	कषाय	४	क्रोधादि

(१) **जीवस्थान** : प्रथम जीव का विचार करें। जो चार प्राणों (इन्द्रिय, बल, आयु और श्वासोच्छ्वास) से जीता है उसे जीव कहते हैं। सत्त्व, भूत, प्राणी, आत्मा आदि भी जीव के एकार्थवाची- पर्यायवाची दूसरे नाम है। लेकिन इन सब का सारांश यही है कि जिसमें ज्ञान-दर्शनात्मक उपयोग है वह जीव है। जीवके १४ प्रकार ये हैं-सूक्ष्म एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरीन्द्रिय, असंज्ञी पंचेन्द्रिय और संज्ञी पंचेन्द्रिय। इन सातों के पर्याप्त और अपर्याप्त के भेद से चौदह भेद होते हैं। पृथ्वीकाय आदि जिन जीवों को सूक्ष्म नाम कर्म का उदय होता है वे सूक्ष्म कहलाते हैं। ये सूक्ष्म जीव आखों से दिखाई नहीं देते। जो जीव हमें दृष्टिगोचर हो सकते हैं वे बादर कहलाते है। बादर एकेन्द्रिय जीव तो संसार के किसी किसी भाग में ही होते है लेकिन सूक्ष्म जीवों से तो यह समस्त लोक काजल की डिबियां में भरे हुए सुरमे की तरह खचाखच भरा हुआ है।

एकेन्द्रिय जीवों को सिर्फ एक स्पर्शनेन्द्रिय होती है। एकेन्द्रिय जीवों के पांच प्रकार है- पृथ्वी, अप्, तेज, वायु तथा वनस्पति। इनके सूक्ष्म, बादर, पर्याप्त और अपर्याप्त ये चार भेद है। एकेन्द्रिय जीव अपने हिताहित के लिए प्रवृत्ति- निवृत्ति के निमित्त हलन-चलन करनें में समर्थ नहीं है अतः उन्हें स्थावर कहते हैं। ये जीव असंज्ञी (मनरहित) होते हैं। द्वीन्द्रिय जीवों को स्पर्शन और रसन यह दो इन्द्रियाँ होती हैं। त्रीन्द्रिय जीवों को स्पर्शन, रसन, और घ्राण यह तीन इन्द्रियाँ होती हैं। चतुरिन्द्रिय जीवों को स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये पाँचों इन्द्रियाँ होती है। देव, मनुष्य, नारक एवं पशु, पक्षी आदि गर्भज तिर्यंच पंचेन्द्रिय हैं , तथा समनस्क है। शेष अमनस्क है। तिर्यंच पंचेन्द्रिय के जलचर, स्थलचर और खेचर आदि भी भेद पाये जाते हैं। इस प्रकार ध्याता जीव के भेद-प्रभेद का चिन्तन कर जीवों के १४ गुणस्थानों का विचार करें।

(२) गुणस्थान : गुणों(आत्मशक्तियों) के स्थानों अर्थात् क्रमिक विकास की अवस्थाओं को गुणस्थान कहते हैं। इसके १४ प्रकार हैं-

१) मिथ्यादृष्टि गुणस्थान : मिथ्यात्व मोहनीय कर्म के उदय से जिस अवस्था में जीव की दृष्टि (श्रद्धा या ज्ञान) मिथ्या(उल्टी) होती है उसे मिथ्यादृष्टि गुणस्थान कहते हैं। जैसे धतूरे के बीज को खानेवाले अथवा **पीलिया** रोगवाले को सफेद चीज भी पीली दिखाई देती है अथवा पित्त के प्रकोपवाले रोगी को मिसरी भी कडवी लगती है। इसी प्रकार मिथ्यात्वी जीव कुदेव में देवबुद्धि, कुगुरु में गुरुबुद्धि और कुधर्म में धर्मबुद्धि रखता है। जीव की इस अवस्था को मिथ्यादृष्टि गुणस्थान कहते हैं।

प्रश्न- मिथ्यात्वी जीव के स्वरूपविशेष को गुणस्थान कैसे कह सकते हैं? क्यों कि उसकी दृष्टि मिथ्या (अयथार्थ) है। तब उसका स्वरूप-विशेष भी विकृत अर्थात् दोषात्मक हो जाता है।

उत्तर- यद्यपि मिथ्यात्वी की दृष्टि सर्वथा यथार्थ नहीं होती फिर भी वह किसी अंश में यथार्थ भी होती है। क्योंकि मिथ्यात्वी जीव भी मनुष्य, पशु, पक्षी आदि रूप से जानता तथा मानता है। इसीलिए उसके स्वरूपविशेष को गुणस्थान कहा जाता है। जिस प्रकार सघन बादलों का आवरण होने पर भी सूर्य की प्रभा सर्वथा नहीं छिपती किन्तु कुछ न कुछ खुली रहती है जिससे कि दिनरात का विभाग किया जा सके। इसी प्रकार मिथ्यात्व मोहनीय कर्म का प्रबल उदय होने पर भी जीव का दृष्टि गुण सर्वथा आवृत्त नहीं होता। अत एव किसी न किसी अंश में मिथ्यात्वी की दृष्टि भी यथार्थ होती है।

प्रश्न- जब मिथ्यात्वी की दृष्टि किसी भी अंश में यथार्थ हो सकती है, तब उसे सम्यग् दृष्टि कहने या मानने में क्या दोष है ?

उत्तर- एक अंश मात्र की यथार्थ प्रतीति होने मात्र से जीव सम्यग् दृष्टि नहीं कहा जाता, क्यों कि शास्त्र में ऐसा कहा गया है कि- जो जीव सर्वज्ञ के कहे हुए बारह अंगों पर श्रद्धा रखता हैं परन्तु उन अंगों के किसी एक अक्षर पर विश्वास नहीं करता, वह भी मिथ्यादृष्टि ही है, जैसे जमालि। मिथ्यावादी की अपेक्षा सम्यक्त्वी जीव में यह विशेषता है कि सर्वज्ञ के कथन पर सम्यक्त्वी का विश्वास अखंडित रहता है, किन्तु मिथ्यात्वी का नहीं रहता।

२) सास्वादन सम्यग्दृष्टि गुणस्थान : जो जीव औपशमिक सम्यक्त्ववाला है परन्तु अनन्तानुबन्धि कषाय के उदय से सम्यक्त्व को छोडकर मिथ्यात्व की ओर झुक रहा है, वह जीव जब तक मिथ्यात्व प्राप्त नहीं करता तब तक सास्वादन सम्यग्दृष्टि गुणस्थान कहते हैं। इसकी स्थिति जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छ आवलिका है। इस गुणस्थान में यद्यपि जीव का झुकाव मिथ्यात्व की ओर होता है तथापि जिस प्रकार खीर खाकर उसका वमन करनेवाले मनुष्य को खीर का विलक्षण स्वाद अनुभव में आता है इसी प्रकार सम्यक्त्व से गिर कर मिथ्यात्व की ओर झुके हुए जीव को भी कुछ काल के लिए सम्यक्त्व गुण का आस्वाद अनुभव में आता है। अत एव इस गुण स्थान को सास्वादन सम्यग्दृष्टि गुणस्थान कहते हैं।

औपशमिक सम्यक्त्व- अनन्तानुबन्धि चार कषाय और दर्शन मोहनीय के उपशम से प्रकट होनेवाला तत्त्वरुचिरूप आत्मपरिणाम औपशमिक सम्यक्त्व है। इसके दो भेद है- ग्रन्थिभेद जन्य और उपशमश्रेणी भावी। ग्रन्थि भेदजन्य औपशमिक सम्यक्त्व अनादि मिथ्यात्वी भव्य जीवों को होता है। इसके प्राप्त होने की प्रक्रिया इस प्रकार है।

जीव अनादिकाल से संसार मे घूम रहा है और तरह तरह के दुःख उठा रहा है। जिस प्रकार पर्वतीय नदी में पडा हुआ पत्थर लुढकते लुढकते इधर उधर टक्कर खाता हुआ गोल और चिकना बन जाता है। इसी प्रकार जीव भी अनन्तकाल से दुःख सहते सहते कोमल और शुद्ध परिणामी बन जाता है। परिणाम शुद्धि के कारण जीव आयुकर्म से अतिरिक्त शेष सात कर्मों की स्थिति को पल्योपम की असंख्यातवां भाग कम एक कोडा कोडी सागरोपम जितनी कर देता है। इसी परिणाम को शास्त्र में यथाप्रवृत्तिकरण कहते हैं। यथाप्रवृत्तिकरणवाला जीव राग-द्वेष की मजबूत गाँठ के पास तक पहुँच जाता है किन्तु उसे भेद नहीं सकता। इसी को ग्रन्थिदेश प्राप्ति कहते है। कर्म और राग-द्वेष की यह गाँठ क्रमशः दृढ और गूढ रेशमी गाँठ के समान दुर्भेद है। यथाप्रवृत्तिकरण अभव्य जीवों को भी हो सकता है। वे कर्मों की स्थिति को कोडाकोडी सागरोपम

के अन्दर करके ग्रन्थिदेश को प्राप्त कर सकते हैं, किन्तु उसे भेद नहीं सकते। भव्य जीव जिस परिणाम से राग–द्वेष की दुर्भेद ग्रन्थि को तोडकर लांघ जाता है, उस परिणाम को शास्त्र में अपूर्वकरण कहते हैं। इस प्रकार का परिणाम जीव को बार बार नहीं आता, कदाचित् ही आता है इसीलिए इसे अपूर्वकरण कहते हैं। यथाप्रवृत्तिकरण तो अभव्यों को भी अनन्त बार आता है किन्तु अपूर्वकरण तो भव्य जीवों को भी अधिक बार नहीं आता।

अपूर्वकरण द्वारा राग–द्वेष की गांठ टूटने पर जीव के परिणाम अधिक शुद्ध हो जाते हैं, उस समय अनिवृत्तिकरण होता है। इस परिणाम को प्राप्त करने पर जीव सम्यक्त्व प्राप्त किये बिना नहीं लौटता। इसीलिए इसे अनिवृत्तिकरण कहते हैं। उस समय जीव की शक्ति और बढ जाती है। अनिवृत्तिकरण की स्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। इसका एक भाग शेष रहने पर अन्तरकरण की क्रिया शुद्ध होती है अर्थात् अनिवृत्तिकरण के अन्त समय में मिथ्यात्व मोहनीय के कर्म दलिकों को आगे पीछे कर दिया जाता है कुछ दलिकों को अनिवृत्तिकरण के अन्त तक उदय में आनेवाले कर्म दलिकों के साथ कर दिया जाता है। और कुछ के अन्तर्मुहूर्त बीतने के बाद उदय में आनेवाले कर्मदलिकों के साथ कर दिया जाता है। इससे अनिवृत्तिकरण के बाद का एक मुहूर्त प्रमाण काल ऐसा हो जाता है कि जिसमें मिथ्यात्व मोहनीय का कोई कर्मदलिक नहीं रहता। अत एव जिसका अबाधाकाल पूरा हो चूका है ऐसे मिथ्यात्व मोहनीय कर्म के दो भाग हो जाते हैं। एक विभाग वह जो अनिवृत्तिकरण के चरम समय पर्यन्त उदय में रहता है और दूसरा वह जो अनिवृत्तिकरण के बाद एक मुहूर्त बीतने पर उदय में आता है। इनमें से पहले विभाग को मिथ्यात्व की प्रथमस्थिति और दूसरे को मिथ्यात्व की द्वितीया स्थिति कहते हैं। अन्तरकरण क्रिया के प्रारम्भ होने पर अनिवृत्तिकरण के अन्त तक तो मिथ्यात्व का उदय रहता है पीछे नहीं रहता। अनिवृत्तिकरण बीत जाने पर औपशमिक सम्यक्त्व होता है। औपशमिक सम्यक्त्व के प्राप्त होते ही जीव को स्पष्ट या असंदिग्ध प्रतीति होने लगती है, जैसे जन्मान्ध पुरुष को नेत्र मिलने पर मिथ्यात्व रूप महान रोग हट जाने से जीव को ऐसा आनन्द आता है जैसा किसी पुराने और भयंकर रोगी को स्वस्थ हो जाने पर होता है। उस समय तत्त्वों पर श्रद्धा दृढ हो जाती है।

औपशमिक सम्यक्त्व की स्थिति अन्तर्मुहूर्त होती है, क्योंकि इसके बाद मिथ्यात्व मोहनीय के वे पुद्गल जिन्हें अन्तरकरण के समय अन्तर्मुहूर्त के बाद उदय होनेवाले बताया है, वे उदय में आ जाते हैं या क्षयोपशम रूप में परिणत कर दिये जाते हैं। औपशमिक सम्यक्त्व के काल को उपशान्ताद्धा कहते है। अर्थात् उपशान्ताद्धा के पूर्वसमय में जीव विशुद्धपरिणाम से उस मिथ्यात्व के तीन पुंज करता है जो औपशमिक सम्यक्त्व के बाद उदय में आनेवाला होता है। वह पहला भाग शुद्ध, दूसरा भाग अर्द्धशुद्ध और तीसरा अशुद्ध रह जाता है। इसी द्वितीय स्थितिगत मिथ्यात्व मोहनीय के तीन पुञ्जों में से एक पुंज इतना शुद्ध हो जाता है कि उस में सम्यक्त्वघातक रस नहीं रहता। जिस प्रकार कोद्रव धान्य को औषधियों से साफ करने से वह इतना शुद्ध हो जाता है कि खानेवाले को बिलकुल नशा नहीं आता। दूसरा पुंज आधा शुद्ध और तीसरा अशुद्ध ही रह जाता है।

औपशमिक सम्यक्त्व पूर्ण होने पर जीव के परिणामानुसार उक्त तीन पुंजो में से कोई एक उदय में आता है। शुद्ध पुंज के उदय से सम्यक्त्व का घात नहीं होता अतः उस समय प्रकट होनेवालों सम्यक्त्व को क्षायोपशमिक सम्यक्त्व कहते हैं। जीव के परिणाम अर्द्धविशुद्ध रहने पर दूसरे पुंज का उदय होता है और जीव मिश्रदृष्टि कहलाता है। परिणामों के अशुद्ध होने पर अशुद्ध पुंज का उदय होता है और उस समय जीव मिथ्यादृष्टि हो जाता है।

अन्तर्मुहूर्त प्रमाण उपशान्ताद्धा में जीव शान्त, प्रशान्त, स्थिर और पूर्णानन्द हो जाता है। जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छ आवलिकाएँ बाकी रहने पर किसी किसी औपशमिक सम्यक्त्ववाले जीव के चढते परिणामों में विघ्न पड जाता है अर्थात् उसकी शान्ति भंग हो जाती है। उस समय अनन्तानुबन्धी कषाय का उदय होने से जीव सम्यक्त्व परिणाम को छोडकर मिथ्यात्व की ओर झुक जाता है। जब तक मिथ्यात्व को प्राप्त नहीं करता अर्थात् जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छ आवलिकाओं तक सास्वादन भाव का अनुभव करता है। उस समय जीव सास्वादन सम्यग्दृष्टि कहा जाता हैं। औपशमिक सम्यक्त्ववाला जीव ही सास्वादन सम्यग्दृष्टि हो सकता है दूसरा नहीं।

३) सम्यग्-मिथ्यादृष्टि (मिश्र) गुणस्थान-मिश्रमोहनीय के उदय से जब जीव की दृष्टि कुछ सम्यग्(शुद्ध) और कुछ मिथ्या (अशुद्ध) रहती है उसे सम्यग्-मिथ्यादृष्टि कहा जाता है और जीव की इस अवस्था को सम्यग्-मिथ्यादृष्टि (मिश्र) गुणस्थान कहते हैं। इस गुणस्थान में अनन्तानुबन्धी कषाय का उदय न रहने से आत्मा में शुद्धता एवं मिथ्यात्व मोहनीय का उदय रहने से अशुद्धता रहती है। जैसे गुड मिले हुए दही का स्वाद कुछ मीठा ओर कुछ खट्टा रहता है। इसी प्रकार इस अवस्था में जीव की श्रद्धा कुछ सच्ची तथा कुछ मिथ्या होती है। उस समय जीव किसी बात पर दृढ होकर विश्वास नहीं करता। इस गुणस्थान के समय बुद्धि में दुर्बलता सी आ जाती है। इस कारण से जीव सर्वज्ञ के द्वारा कहे गये तत्त्वों पर न तो एकान्त रुचि रखता है और न एकान्त अरुचि। जिस प्रकार नारिकेल द्वीप निवासी पुरुष ओदन(भात) के विषय में न रुचि रखते हैं न अरुचि, जिस द्वीप में प्रधानतया नारियल पैदा होते हैं, वहाँ के निवासियों ने चावल आदि अन्न न तो देखा है और न सुना है। इससे पहले बिना देखे और बिना सुने अन्न को देखकर वे न तो रुचि करते हैं और न अरुचि। किन्तु समभाव रखते हैं इसी प्रकार सम्यग्-मिथ्यादृष्टि जीव भी सर्वज्ञ कथित मार्ग पर प्रीति या अप्रीति कुछ न कर के समभाव रखता है। इस प्रकार की स्थिति अन्तमुहूर्त की रहती है। इसके बाद सम्यक्त्व या मिथ्यात्व इन दोनों में से कोई प्रबल हो जाता है, अत एव तीसरे गुणस्थान की स्थिति अन्तर्मुहूर्त मानी गई है।

४) अविरत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान- सावद्य व्यापारों को छोड देना अर्थात् पापजन्य व्यापारों से अलग हो जाना विरति है। चारित्र और व्रत विरति का नाम है। जो जीव सम्यग्दृष्टि होकर भी किसी प्रकार के व्रत को धारण नहीं कर सकता वह जीव अविरत सम्यग्दृष्टि है और उसका स्वरूप विशेष अविरत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान है। अविरत सम्यग्दृष्टि जीव व्रत नियमादि को यथावत् जानते हुए भी स्वीकार तथा पालन नहीं कर सकते क्यों कि उन्हें अप्रत्याख्यानावरण कषाय का उदय रहता है। अप्रत्याख्यानावरण कषाय का उदय चारित्र के ग्रहण तथा पालन को रोकता है। अविरत सम्यग्दृष्टि कोई जीव औपशमिक सम्यक्त्व वाले होते हैं और कोई क्षायिक सम्यक्त्व वाले होते हैं।

५) देशविरति गुणस्थान- प्रत्याख्यानावरण कषाय के उदय से जो जीव पापजनक क्रियाओं से सर्वथा निवृत्त न हो कर एकदेश से निवृत्त होते हैं वे देशविरत या श्रावक कहलाते हैं। ऐसे जीवों के स्वरूप को देशविरत गुणस्थान कहते हैं।

६) प्रमत्त संयत गुणस्थान- जो जीव पापजनक व्यापारों से सर्वथा निवृत्त हो जाते हैं वे संयत(मुनि) है। संयत भी जब तक प्रमाद को सेवन करते हैं तब तक प्रमत्त संयत कहलाते हैं। और उनका स्वरूप विशेष प्रमत्त संयत गुणस्थान है। संयती को सावद्य व्यापार का सर्वथा त्याग होता है। वे संवासानुमति का भी सेवन

नहीं करते। छठे गुणस्थान से लेकर आगे किसी गुणस्थान में प्रत्याख्यानावरण कषाय का उदय नहीं रहता इसीलिए यहाँ सर्वसावद्य व्यापार का सर्वथा त्याग होता है।

७) अप्रमत्त संयत गुणस्थान- जो मुनि निद्रा, विषय, कषाय, विकथा आदि प्रमादों का सेवन नहीं करते वे अप्रमत्त संयत है और उनका स्वरूप विशेष अप्रमत्त संयत गुणस्थान है। प्रमाद सेवन से ही आत्मा उत्तरोत्तर शुद्ध होने लगता है। सातवें गुणस्थान से लेकर आगे सभी गुणस्थानों में वर्तमान मुनि प्रमाद का सेवन नहीं करते। वे अपने स्वरूप में सदा जागृत रहते हैं।

८) निवृत्ति बादर गुणस्थान- जिस जीव के अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया तथा लोभ ये चारों कषाय निवृत्त हो गये हैं उसके स्वरूप विशेष को निवृत्ति (नियट्टी) बादर गुणस्थान कहते हैं। इस गुणस्थान से दो श्रेणियाँ प्रारम्भ होती हैं- उपशमश्रेणी और क्षपक श्रेणी। उपशम श्रेणीवाला जीव मोहनीय की प्रकृतियों का उपशम करता हुआ ग्यारहवें गुणस्थान तक जाता हैं और क्षपक श्रेणीवाला जीव दसवें से सीधा बारहवें गुणस्थान में जाकर अप्रतिपाती हो जाता है।

जो जीव आठवें गुणस्थान को प्राप्त कर चुके हैं, जो प्राप्त कर रहे हैं और जो प्राप्त करेंगे उन सभी जीवों के अध्यवसाय स्थानों (परिणाम भेदों) की संख्या असंख्यात लोकाकाशों के प्रदेशों के तुल्य है। इस प्रकार दूसरे तीसरे आदि प्रत्येक समयवर्ती त्रैकालिक जीवों के अध्यवसाय भी गणना में असंख्यात लोकाकाशों के प्रदेशों के बराबर ही हैं।

यद्यपि आठवें गुणस्थान में रहनेवाले तीनों कालों के जीव अनन्त है तथापि उनके अध्यवसाय असंख्यात ही होते हैं। आठवें गुणस्थान के समय जीव पाँच अपूर्व वस्तुओं का विधान करता है। जैसे- स्थितिघात, रसघात, गुणश्रेणी, गुणसंक्रमण और अपूर्व स्थितिबन्ध। स्थितिघात आदि पदार्थों का अपूर्व विधान होने से इस आठवें गुणस्थान का दूसरा नाम अपूर्वकरण गुणस्थान भी प्रसिद्ध है।

९) अनिवृत्ति बादर सम्पराय गुणस्थान- संज्वलन क्रोध, मान और माया कषाय से जहाँ निवृत्ति न हुई हो ऐसी अवस्था विशेष को अनिवृत्ति बादर गुणस्थान कहते हैं। इस गुणस्थान की स्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण ही है। नवें गुणस्थान को प्राप्त करनेवाले जीव दो प्रकार के होते हैं- एक उपशमक और दूसरा क्षपक। जो चारित्र मोहनीय कर्म का उपशमन करते हैं वे उपशमक कहलाते हैं। जो चारित्र मोहनीय कर्म का क्षय करते हैं वे क्षपक कहलाते हैं।

१०) सूक्ष्म संपराय गुणस्थान- इस गुणस्थान में सम्पराय अर्थात् लोभ कषाय से सूक्ष्म खण्डों का ही उदय रहता है। इस गुणस्थान के जीव भी उपशमक और क्षपक दोनों प्रकार के होते हैं। संज्वलन लोभकषाय के सिवाय बाकी कषायों का उपशम या क्षय तो पहले ही हो जाता है। इसलिए दसवें गुणस्थान में जीव संज्वलन लोभ का उपशम या क्षय करता है। उपशम करनेवाला जीव उपशमक तथा क्षय करनेवाला जीव क्षपक कहलाता है।

११) उपशान्त कषाय वीतराग छद्मस्थ गुणस्थान- जिनके कषाय उपशान्त हुए हैं, जिन को राग अर्थात् माया और लोभ का भी बिलकुल उदय नहीं है और जिनको छद्म आवरण भूत घातीकर्म लगे हुए हैं वे जीव उपशान्त कषाय वीतराग छद्मस्थ कहलाते है और उनके स्वरूप को उपशान्त कषाय वीतराग छद्मस्थ गुणस्थान कहते हैं। ग्यारहवें गुणस्थान की स्थिति जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण मानी गई है।

क्षपक श्रेणी के बिना कोई जीव मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता। ग्यारहवें गुणस्थान में उपशम श्रेणीवाला ही जाता है इसलिए वह अवश्य गिरता है। एक जन्म में दो बार से अधिक उपशम श्रेणी नहीं की जा सकती। क्षपक श्रेणी तो एक ही बार होती है। जिसने एक बार उपशम श्रेणी की है वह उसी जन्म में क्षपक श्रेणी द्वारा मोक्ष प्राप्त कर सकता है परन्तु जो दो बार उपशम श्रेणी कर चुका है वह फिर उसी जन्म में एक ही श्रेणी कर सकता है। अत एव जिसने एक बार उपशम श्रेणी की है वह फिर उसी जन्म में क्षपक श्रेणी नहीं कर सकता।

उपशम श्रेणी के आरम्भ का क्रम इस प्रकार है- चौथे, पाँचवें, छठे और सातवें गुणस्थान में से किसी भी गुणस्थान में वर्तमान जीव पहले चार अनन्तानुबन्धी कषायों का उपशम करता है। इसके बाद अन्तर्मुहूर्त में एक साथ दर्शनमोह की तीनों प्रकृतियों का उपशम करता है। इसके बाद वह जीव छठे तथा सातवें गुणस्थान में होकर नवें गुणस्थान को प्राप्त करता है और नवें गुणस्थान में चारित्र मोहनीय कर्म की शेष प्रकृतियों का उपशम शुरु करता है। सब से पहले वह नपुंसक वेद का उपशम करता है। इसके बाद स्त्रीवेद का उपशम करता है। हास्य, रति, अरति, भय, शोक, जुगुप्सा, पुरुषवेद, अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ तथा संज्वलन क्रोध, मान, माया इन सब प्रकृतियों का उपशम नवें गुणस्थान के अन्त तक करता है। संज्वलन लोभ को दसवें गुणस्थान में उपशान्त करता है।

१२- क्षीणकषाय छद्मस्थ वीतराग गुणस्थान- जिस जीव ने मोहनीय कर्म का सर्वथा क्षय कर दिया है किन्तु शेष छद्म(घाती कर्म) अभी विद्यमान हैं उसे क्षीणकषाय वीतराग छद्मस्थ कहते हैं और उसके स्वरूप को क्षीणकषाय वीतराग छद्मस्थ गुणस्थान कहते हैं। इस गुणस्थान की स्थिति अन्तर्मुहूर्त होती है। इसे क्षपक श्रेणीवाले जीव ही प्राप्त करते हैं।

क्षपक श्रेणी का क्रम संक्षेप में इस प्रकार है- जो जीव क्षपक श्रेणी करनेवाला होता है वह चौथे गुणस्थान से लेकर सातवें गुणस्थान तक के किसी भी गुणस्थान में सब से पहले अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ का एक साथ क्षय करता है। इसके बाद अनन्तानुबन्धी कषाय के अवशिष्ट अनन्तवें भाग को मिथ्यात्व में डाल कर दोनों का एक साथ क्षय करता है। इसके बाद मिश्र मोहनीय और सम्यक्त्व मोहनीय का क्षय करता है। आठवें गुणस्थान में अप्रत्याख्यानावरण तथा प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ के क्षय का प्रारंभ करता है। इन आठ प्रकृतियों का सर्वथा क्षय होने से पहले ही नवें गुणस्थान को प्रारंभ कर देता है और उसी समय नीचे लिखी १६ प्रकृतियों का क्षय करता है। (१) निद्रानिद्रा (२) प्रचलाप्रचला (३) स्त्यानगृद्धि (४) नरकगति (५) नरकानुपूर्वी (६) तिर्यंचगति (७) तिर्यंचानुपूर्वी (८) एकेन्द्रियजाति नामकर्म (९) द्वीन्द्रिय जाति नामकर्म (१०) त्रीन्द्रियजाति नामकर्म (११) चतुरिन्द्रिय जाति नामकर्म (१२) आतप (१३) उद्योत (१४) स्थावर (१५) सूक्ष्म (१६) साधारण । इनके बाद अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभ के बाकी बचे हुए भाग का क्षय करता है। तदनन्तर क्रम से नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, हास्य आदि छ, पुरुषवेद, संज्वलन लोभ का दसवें गुणस्थान में क्षय करता है।

१३) सयोगी केवली गुणस्थान- जिन्होनें ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय चार घाती कर्मों का क्षय करके केवलज्ञान प्राप्त किया है उनको सयोगी केवली कहते हैं और उनके स्वरूप विशेष को सयोगी केवली गुणस्थान कहते हैं।

योग का अर्थ है- आत्मा की प्रवृत्ति या व्यापार। इसके तीन भेद हैं- मनोयोग, वचनयोग और काययोग। किसी को मन से उत्तर देने में केवली भगवान को मन का उपयोग करना पडता है। जिस समय कोई

मनःपर्यायज्ञानी अथवा अनुत्तर विमानवासी देव भगवान को शब्द द्वारा न पूछकर मन से ही पूछता है उस समय केवली भगवान भी उस प्रश्न का उत्तर मन से ही देते हैं। प्रश्न करनेवाला मनःपर्यायज्ञानी भगवान द्वारा मन में सोचे हुए उत्तर को प्रत्यक्ष जान लेता है और अवधिज्ञानी उस रूप में परिणत हुए मनोवर्गणा के परमाणुओं को देखकर मालूम कर लेता है। उपदेश देने के लिए केवली भगवान वचन का उपयोग करते हैं। हलन चलन आदि क्रियाओं में काययोग का उपयोग करते हैं।

१४) अयोगी केवली गुणस्थान– जो केवली भगवान योगों से रहित हैं वे अयोगी कहे जाते हैं। उनके स्वरूप विशेष को अयोगी केवली गुणस्थान कहते हैं।

तीनों प्रकार के योग का निरोध करने से अयोगी अवस्था प्राप्त होती है। केवली भगवान सयोगी अवस्था में जघन्य अन्तर्मुहूर्त तक और उत्कृष्ट कुछ कम एक करोड पूर्व तक रहते हैं। इसके बाद जिस केवली के आयुकर्म की स्थिति और प्रदेश कम रह जाते हैं तथा वेदनीय, नाम और गोत्र कर्म की स्थिति और प्रदेश आयुकर्म की अपेक्षा अधिक बच जाते हैं वे केवलीसमुद्घात करते हैं। केवलीसमुद्घात के द्वारा वेदनीय, नाम और गोत्र कर्म की स्थिति आयु के बराबर कर लेते हैं। जिन केवलियों के वेदनीय आदि उक्त तीन कर्म की स्थिति तथा परमाणुओं में आयुकर्म के बराबर होते हैं वे समुद्घात नहीं करते।

सभी केवलज्ञानी सयोगी अवस्था के अन्त में एक ऐसे ध्यान के लिए योगों का निरोध करते हैं जो परम निर्जरा का कारण, लेश्या से रहित तथा अत्यन्त स्थिरता रूप होता है। योग के निरोध का क्रम इस प्रकार है– पहले बादर काययोग से बादर मनोयोग तथा बादर वचनयोग को रोकते हैं। इसके बाद सूक्ष्म काययोग से बादर काययोग को रोकते हैं और फिर उसी सूक्ष्म काययोग से क्रमशः सूक्ष्म मनोयोग तथा सूक्ष्म वचनयोग को रोकते हैं। अन्त में केवली भगवान सूक्ष्मक्रियाअनिवृत्ति शुक्लध्यान के बल से सूक्ष्म काययोग को भी रोकते हैं। इस प्रकार सब योगों का निरोध हो जाने से केवलज्ञानी भगवान अयोगी बन जाते हैं। और सूक्ष्मक्रियाअनिवृत्ति शुक्लध्यान की सहायता से अपने शरीर की पोले भाग को अर्थात् मुख, उदर आदि को आत्मप्रदेशों से पूर्ण कर देते हैं। इसके बाद अयोगी केवली भगवान समुच्छिन्नक्रियाअप्रतिपाती शुक्लध्यान को प्राप्त करते हैं और मध्यम रीति से पाँच ह्रस्व स्वर अक्षरों के उच्चारण में जितना समय लगता है उतने समय का शैलेशीकरण करते हैं। सुमेरु पर्वत के समान निश्चल अवस्था अथवा सर्व संवर रूप योगनिरोध अवस्था को शैलेशी कहते हैं। शैलेशी अवस्था में वेदनीय, नाम और गोत्रकर्म की गुणश्रेणी से और आयुकर्म की यथास्थित श्रेणी से निर्जरा करना शैलेशीकरण है। शैलेशीकरण को प्राप्त करके अयोगी केवलज्ञानी उसके अन्तिम समय में वेदनीय, नाम, गोत्र और आयु इन चार भवोपग्राही (जीव को संसार में बान्ध कर रखनेवाले) कर्मों को सर्वथा क्षय करके देते हैं। उस समय उनके आत्म प्रदेश इतने संकुचित हो जाते हैं कि वे उनके शरीर के २/३ भाग में समा जाते हैं। उक्त कर्मों का क्षय होते ही वे एक समय में ऋजु गति से ऊपर की ओर सिद्धिक्षेत्र में चले जाते हैं।

सिद्धिक्षेत्र लोक के अग्रभाग पर स्थित है। इसके आगे किसी आत्मा या पुद्गल की गति नहीं होती। इसका कारण यह है कि आत्मा को या पुद्गल को गति करनें में धर्मास्तिकाय की अपेक्षा होती है और लोक के आगे इसका अभाव है। कर्ममल के हट जाने से शुद्ध आत्मा की ऊर्ध्वगति इस प्रकार होती है जिस प्रकार कि मिट्टी के लोपों से युक्त तुम्बा लेपों के हट जाने से जल पर चला जाता है[१]।

---

१ संदर्भ–गाथा – १५ वृत्ति

बादर एकेन्द्रिय, असंज्ञि पंचेन्द्रिय और तीन विकलेन्द्रिय इन पाँच अपर्याप्त जीवस्थानों में दो गुणस्थान कहे गये है। पर इस विषय में यह जानना चाहिये कि दूसरा गुणस्थान करण-अपर्याप्त में होता है, लब्धि-अपर्याप्त में नहीं, क्यों कि सास्वादन सम्यग्दृष्टि जीव लब्धि अपर्याप्त रूप से पैदा होता ही नही। इसलिए करण-अपर्याप्त बादर एकेन्द्रिय आदि उक्त पाँच जीव स्थानों में दो गुणस्थान और लब्धि अपर्याप्त बादर एकेन्द्रिय आदि पाँचों में पहला ही गुणस्थान है यह मान्यता कर्मग्रंथ की है। सिद्धान्त में एकेन्द्रिय को पहला ही गुणस्थान माना है[1] । इसके पश्चात् साधक १५ योगों का चिन्तन करें।

(३) योग-(१५) मन, वचन और काया के व्यापार को योग कहते हैं। वीर्यान्तराय कर्म के क्षय या उपशम से मन-वचन और कायवर्गणा के पुद्गलों का आलम्बन लेकर आत्म प्रदेशों में होनेवाले परिस्पंद, कंपन या हलन-चलन को भी योग कहते हैं। आलम्बन के भेद से इनके तीन प्रकार है- मन, वचन और काया। इन में मन के चार वचन के चार और काया के सात इस प्रकार कुल पंद्रह भेद हो जाते हैं। प्रज्ञापना सूत्र में योग के स्थान पर प्रयोग शब्द है। इन्हीं को प्रयोगगति भी कहा जाता है।

१) सत्य मनोयोग- मन का जो व्यापार सत् अर्थात् सज्जन पुरुष या साधु पुरुषों के लिए हितकारी हो, उन्हें मोक्ष की ओर ले जानेवाला हो उसे सत्य मनोयोग कहते हैं। अथवा जीवादि पदार्थों के अनेकान्तरूप यथार्थ विचार को सत्यमनोयोग कहते हैं।

२) असत्य मनोयोग- सत्य से विपरीत अर्थात् संसार की ओर ले जाने वाले मन के व्यापार को असत्य मनोयोग कहते हैं। अथवा जीवादि पदार्थ नहीं है, एकान्त सत् हैं इत्यादि एकान्त रूप मिथ्याविचार असत्य मनोयोग है।

३) सत्यमृषा मनोयोग- व्यवहार नय से ठीक होने पर भी निश्चयनय से जो विचार पूर्ण सत्य न हो,- जैसे किसी उपवन में धव, खैर, पलाश आदि के कुछ पेड होने पर भी अशोकवृक्ष अधिक होने से अशोकवन कहना- सत्यमृषा मनोयोग है। वन में अशोक वृक्ष होने से यह बात सत्य है और धव आदि के वृक्ष होने से मृषा (असत्य) भी है।

४) असत्यामृषा मनोयोग- जो विचार सत्य नहीं हैं उसे असत्यामृषा मनोयोग कहते हैं। किसी प्रकार का विवाद खडा होने पर वीतराग सर्वज्ञ के बताए हुए सिद्धान्त के अनुसार विचार करनेवाला आराधक कहा जाता है उसका विचार सत्य है। जो व्यक्ति सर्वज्ञ के सिद्धान्त से विपरीत विचरता है, जीवादि पदार्थों को एकान्त नित्य आदि बताता है वह विरोधक है। उसका विचार असत्य है। जहाँ वस्तु को सत्य या असत्य किसी प्रकार सिद्ध करने की इच्छा न हो केवल वस्तु का स्वरूप-मात्र दिखाया जाय, जैसे- देवदत्त! घडा लाओ इत्यादि चिन्तन में वहाँ सत्य असत्य कुछ नहीं होता। आराधक विराधक की कल्पना भी वहाँ नहीं होती। इस प्रकार के विचार को असत्यामृषा मनोयोग कहते हैं। यह भी व्यवहार नय की अपेक्षा है। निश्चय नय से तो इसका सत्य या असत्य में समावेश हो जाता है।

वचनयोग के भी चार प्रकार है- (१) सत्य वचनयोग (२) असत्य वचनयोग (३) सत्यमृषा वचनयोग (४) असत्यामृषा वचनयोग।

सत्यवचन के दस प्रकार है। जो वस्तु जैसी है, उसे वैसी ही बताना सत्य वचन है। एक जगह एक

---

१ संदर्भ-गाथा - १६

शब्द किसी अर्थ को बताता है और दूसरी जगह दूसरे अर्थ को। ऐसी हालत में अगर वक्ता की विवक्षा ठीक है तो दोनों ही अर्थों में वह शब्द सत्य है। इस प्रकार विवक्षाओं के भेद से सत्य वचन दस प्रकार का है।

१) जनपद सत्य- जिस देश में जिस वस्तु का जो नाम है, उस देश में वह नाम सत्य है। दूसरे किसी देश में उस शब्द का दूसरा अर्थ होने पर भी किसी भी विवक्षा में वह असत्य नहीं है- जैसे- कोंकण देश में पानी को पिच्छ कहते हैं। किसी देश में पिता को भाई, सासु को आई इत्यादि कहते हैं। भाई और आई का दूसरा अर्थ होने पर भी उस देश में सत्य ही है।

२) सम्मत सत्य- प्राचीन आचार्यों अथवा विद्वानों ने जिस शब्द का जो अर्थ मान लिया है उस अर्थ में वह शब्द सम्मत सत्य है। जैसे पंकज का यौगिक अर्थ है कीचड से पैदा हुआ पदार्थ। कीचड में मेंढक, शैवाल, कमल आदि बहुत सी वस्तुएँ उत्पन्न होती है फिर भी शब्दशास्त्र के विद्वानों ने पंकज शब्द का अर्थ सिर्फ कमल मान लिया है। इसलिए पंकज शब्द से कमल ही लिया जाता है, मेंढक आदि नहीं। यह सम्मत सत्य है।

३) स्थापना सत्य- सदृश या विसदृश आकारवाली वस्तु में किसी की स्थापना करके उसे उस नाम से कहना स्थापना सत्य है। जैसे शतरंज के मोहरों को हाथी, घोडा आदि कहना। अथवा 'क' इस आकार विशेष को 'क' कहना। वास्तव में क आदि वर्ण ध्वनि रूप है। पुस्तक के अक्षरों से उस ध्वनि की स्थापना की जाती है, अथवा आचारांग आदि श्रुतज्ञान रूप है, लिखे हुए शास्त्रों में उनकी स्थापना की जाती है। जम्बूद्वीप के नक्शे को जम्बूद्वीप कहना सदृश आकार वाले में स्थापना है।

४) नाम सत्य- गुण न होने पर भी व्यक्ति विशेष का या वस्तु विशेष का वैसा नाम रखकर उस नाम से पुकारना नाम सत्य है। जैसे- अमरावती देवों की नगरी का नाम है। वैसी बातें न होने पर भी किसी गांव को अमरावती कहना नाम सत्य है।

५) रूपसत्य- वास्तविकता न होने पर भी रूप विशेष को धारण करने से किसी व्यक्ति या वस्तु को उस नाम से पुकारना। जैसे- साधु के गुण न होने पर भी साधुवेष वाले पुरुष को साधु कहना।

६) प्रतीत्य सत्य- किसी अपेक्षा से दूसरी वस्तु को छोटी बडी आदि कहना अपेक्षा सत्य या प्रतीत्य सत्य है। जैसे- मध्यमा अँगुली की अपेक्षा अनामिका को छोटी कहना।

७) व्यवहार सत्य- जो बात व्यवहार में बोली जाती है। जैसे- पर्वत पर पडी हुई लकडियों के जलने पर भी पर्वत जलता है, यह कहना व्यवहार सत्य है।

८) भाव सत्य- निश्चय की अपेक्षा कई बाते होने पर भी किसी एक की अपेक्षा से उस में वहीं बताना। जैसे- तोते में कई रंग होने पर भी उसे हरा कहना भाव सत्य है।

९) योग सत्य- किसी चीज के सम्बन्ध से व्यक्ति विशेष को उस नाम से पुकारना। जैसे- लकडी ढोनेवालो को लकडी के नाम से पुकारना योग्य होता है।

१०) उपमा सत्य- किसी बात के समान होने पर एक वस्तु की दूसरी से तुलना करना ओर उसे उस नाम से पुकारना उपमा सत्य है। जैसे किसी के चहेरे को चन्द्र कहना ।

सत्यामृषा (मिश्र) भाषा के भी दस प्रकार है- जिस भाषा में कुछ अंश सत्य तथा कुछ असत्य हो उसे सत्यामृषा(मिश्र) भाषा कहते हैं। इसके दस भेद हैं इस प्रकार है।

१) उत्पन्न मिश्रिता- संख्या पूरी करने के लिए नहीं उत्पन्न हुओं के साथ उत्पन्न हुओं को मिला देना। जैसे- किसी गांव में कम या अधिक बालक उत्पन्न होने पर भी 'दस बालक उत्पन्न हुए' यह कहना।

२) विगत मिश्रिता- इसी प्रकार मरण के विषय में कहना।

३) उत्पन्नविगत मिश्रिता- जन्म और मृत्यु दोनों के विषय में अयथार्थ कथन।

४) जीवमिश्रिता- जीवित तथा मरे हुए बहुत शंख आदि के ढेर को देखकर यह कहना- 'अहो! यह कितना बडा जीवों का ढेर है'। जीवितों को लेकर सत्य तथा मरे हुओं को लेने से असत्य होने से यह भाषा जीवमिश्रिता सत्यामृषा है।

५) अजीव मिश्रिता- उसी राशि को अजीवों का ढेर बताना।

६) जीवाजीव मिश्रिता- उस राशि में अयथार्थ रूप से यह बताना कि इतने जीव हैं और इतने अजीव।

७) अनन्त मिश्रिता- अनन्तकायिक तथा प्रत्येक शरीरी वनस्पति काय के ढेर को देखकर कहना कि- 'यह अनन्तकाय का ढेर है'।

८) प्रत्येक मिश्रिता- उसी ढेर को कहना कि यह प्रत्येक वनस्पति काय का ढेर है।

९) अद्धा मिश्रिता- दिन या रात वगैरह काल के विषय में मिश्रित वाक्य बोलना। जैसे- जल्दि के कारण कोई दिन रहते कहे- उठो रात हो गई। अथवा रात रहते कहे- सूरज निकल आया।

१०) अद्धाद्धा मिश्रिता- दिन या रात के एक भाग को अद्धाद्धा कहते हैं। उन दोनों के लिए मिश्रित वचन बोलना अद्धाद्धा मिश्रित है, जैसे- जल्दी करने वाला कोई मनुष्य दिन के पहले पहर में भी कहे- दोपहर हो गई।

असत्य वचन को मृषावाद कहते हैं। इसके दस प्रकार है-

१) क्रोध निःसृत- जो असत्यवचन क्रोध में बोला जाय। जैसे क्रोध में कोई दूसरें को दास न होने पर भी दास कह देता है।

२) मान निःसृत- मान अर्थात् घमण्ड में बोला हुआ वचन। जैसे- घमण्ड में आकर कोई गरीब भी अपने को धनवान कहने लगता है।

३) माया निःसृत- कपट से अर्थात् दूसरे को धोका देने के लिए बोला हुआ झूठ।

४) लोभ निःसृत- लोभ में आकर बोला हुआ वचन। जैसे कोई दुकानदार थोडी कीमत में खरीदी हुई वस्तु को अधिक मूल्य की बता देता है।

५) प्रेम निःसृत- अत्यन्त प्रेम में निकला हुआ वचन। जैसे- प्रेम में आकर कोई कहता है- मैं तो आपका दास हूँ।

६) द्वेष निःसृत- द्वेष से निकला हुआ वचन। जैसे- द्वेष में आकर किसी को भी निर्गुणी कह देना।

७) हास निःसृत- हंसी में झूठ बोलना।

८) भय निःसृत- चोर वगैरह से डरकर असत्य वचन बोलना।

९) आख्यायिका निःसृत- कहानी वगैरह कहते समय उस में गप्प लगाना।

१०) उपघात निःसृत- प्राणियों की हिंसा के लिए बोला गया असत्य वचन। जैसे- भले आदमी को भी चोर कह देना।

काययोग के सात भेद हैं।

१) औदारिक शरीर काययोग- काय का अर्थ है समूह। औदारिक शरीर पुद्गल स्कन्धों का समूह है, इसलिये काय है। इस में होनेवाले व्यापार को औदारिक शरीर काययोग कहते हैं। यह योग पर्याप्त तिर्यंच और मनुष्यों को होता है।

२) औदारिक मिश्र शरीर काय योग- वैक्रिय आहारक और कार्मण के साथ मिले हुए औदारिक को औदारिक मिश्र कहते हैं। औदारिक मिश्र के व्यापार को औदारिक मिश्र शरीर काययोग कहते हैं।

३) वैक्रिय शरीर काययोग- वैक्रिय शरीर पर्याप्ति के कारण पर्याप्त जीवों के होनेवाला वैक्रिय शरीर का व्यापार वैक्रिय शरीर काययोग है।

४) वैक्रिय मिश्र शरीर काययोग- देव और नारकी जीवों के अपर्याप्त अवस्था में होनेवाला काय योग वैक्रिय मिश्र शरीर काय योग है। यहाँ वैक्रिय और कार्मण की अपेक्षा मिश्र योग होता है।

५) आहारक शरीर काययोग- आहारक शरीर के द्वारा पर्याप्त जीवों को आहारक शरीर काय योग होता है।

६) आहारक मिश्र शरीर काययोग- जिस समय आहारक शरीर अपना कार्य करके वापिस आकर औदारिक शरीर में प्रवेश करता है उस समय आहारक मिश्र शरीर काय योग होता है।

७) तैजस कार्मण शरीर योग- विग्रह गति में तथा सयोगी केवलि को समुद्घात के तीसरे चौथे और पाँचवें समय में तैजस कार्मण शरीर योग होता है। तैजस और कार्मण सदा एक साथ रहते हैं, इसलिए उनके व्यापार रूप काय योग को भी एक ही माना है।

व्यवहार भाषा- असत्यामृषा के अन्य बारह भेद भी पाये जाते हैं।

१) आमंत्रणी- आमन्त्रण करना। जैसे- हे देवदत्त ! इत्यादि।

२) आज्ञापनी- दूसरे को किसी कार्य में प्रेरित करनेवाली भाषा आज्ञापनी कहलाती है। जैसे- 'जाओ अमुक कार्य करो' इत्यादि।

३) याचनी- याचना करने के लिए कही जाने वाली भाषा याचनी है।

४) पृच्छनी- अज्ञात तथा संदिग्ध पदार्थों को जानने के लिए प्रयुक्त भाषा पृच्छनी कहलाती है।

५) प्रज्ञापनी- विनीत शिष्य को उपदेश देने रूप भाषा प्रज्ञापनी है। जैसे- 'प्राणियों की हिंसा से निवृत्त पुरुष भवान्तर में दीर्घायु और निरोग होता है'।

६) प्रत्याख्यानी- निषेधात्मक भाषा।

७) इच्छानुलोमा- दूसरे को इच्छा का अनुसरण करना। जैसे- किसी के द्वारा पूछे जाने पर उत्तर देना कि- जो तुम करते हो वह मुझे भी अभीष्ट है।

८) अनभिगृहीता- प्रतिनियत(निश्चित) अर्थ का ज्ञान न होने पर उसके लिए पूछना।

९) अभिगृहीता- प्रतिनियत अर्थ का बोध करानेवाली भाषा अभिगृहीता है।

१०) संशयकरणी- अनेक अर्थों के वाचक शब्दों का जहाँ पर प्रयोग किया गया हो और जिसे सुनकर श्रोता संशय में पड जाय वह भाषा संशयकरणी है। जैसे- सैंधव शब्द सुनकर श्रोता संशय में पड जाता है कि- नमक लाया जाय या घोडा?

११) व्याकृता- स्पष्ट अर्थवाली भाषा व्याकृता कहलाती है।

१२) अव्याकृता- अतिगम्भीर अर्थवाली अथवा अस्पष्ट उच्चारणवाली भाषा अव्याकृता कहलाती है[१]

अपर्याप्त सूक्ष्म एकेन्द्रिय, अपर्याप्त बादर एकेन्द्रिय, अपर्याप्त विकलत्रिक और अपर्याप्त असंज्ञि पंचेन्द्रिय, इन छह प्रकार के जीवों में कार्मण, औदारिक ये दो ही योग होते है। अपर्याप्त संज्ञि पंचेन्द्रिय में कार्मण, औदारिक मिश्र और वैक्रिय मिश्र ये तीन योग पाये जाते हैं।

पर्याप्त संज्ञी में सब योग पाये जाते हैं। पर्याप्त सूक्ष्म एकेन्द्रिय में औदारिक काययोग ही होता है। पर्याप्त विकलेन्द्रिय-त्रिक और पर्याप्त असंज्ञि पंचेन्द्रिय इन चार जीव स्थानों में औदारिक और असत्यामृषा वचन, ये दो योग होते हैं। पर्याप्त बादर एकेन्द्रिय में औदारिक, वैक्रिय तथा वैक्रिय मिश्र ये तीन काय योग होते हैं[२] ।

(४) उपयोग १२- जिसके द्वारा सामान्य या विशेष रूप से वस्तु का ज्ञान किया जाय उसे उपयोग कहते हैं। उपयोग दो प्रकार का है- एक साकारोपयोग और दूसरा निराकारोपयोग(अनाकारोपयोग)। जिसके द्वारा पदार्थों के विशेष धर्मों का अर्थात् जाति, गुण, क्रिया आदि का ज्ञान हो वह साकारोपयोग है। अर्थात् सचेतन और अचेतन पदार्थों को पर्याय सहित जानना साकारोपयोग है। इसे ज्ञानोपयोग भी कहते हैं। जिसके द्वारा पदार्थों के सामान्य धर्म- सत्ता आदि का ज्ञान किया जाय उसे निराकारोपयोग कहते हैं। इसे दर्शनोपयोग भी कहा जाता है।

छद्मस्थों की अपेक्षा साकारोपयोग का समय अन्तर्मुहूर्त है और केवली की अपेक्षा एक समय है। अनाकारोपयोग का समय छद्मस्थों की अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त है किन्तु साकारोपयोग का समय इससे संख्यात गुणा अधिक है क्योंकि आकार (पर्याय) सहित वस्तु का ज्ञान करने में बहुत समय लगता है। केवली की अपेक्षा अनाकारोपयोग का समय एक समय मात्र है। साकारोपयोग के आठ भेद है-

१) आभिनिबोधिक-साकारोपयोग- इन्द्रिय और मन की सहायता से योग्य स्थान में रहे हुए पदार्थों को स्पष्टरूप से विषय करनेवाला आभिनिबोधिक(मतिज्ञान) साकारोपयोग है।

२) श्रुतज्ञान साकारोपयोग- वाच्यवाचकभाव सम्बन्धपूर्वक शब्द के साथ सम्बन्ध रखनेवाले अर्थ का ग्रहण करनेवाले श्रुतज्ञान कहलाता है। जैसे- कम्बुग्रीवादि आकारवाली, जलधारणादि क्रिया में समर्थ वस्तु घट शब्द वाच्य है अर्थात् घट शब्द से कही जाती है। श्रुतज्ञान भी इन्द्रियमनोनिमित्तिक होता है और इन्द्रिय तथा मन की सहायता से ही पदार्थों का विषय करता है। अतः यह श्रुतज्ञान साकारोपयोग है।

३) अवधिज्ञान साकारोपयोग- मर्यादा पूर्वक रूपी द्रव्यों को विषय करनेवाला अवधिज्ञान साकारोपयोग कहलाता है। यह ज्ञान इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना ही रूपी पदार्थों को विषय करता है।

४) मनःपर्यवज्ञान साकारोपयोग- ढाई द्वीप और समुद्रों में रहे हुए संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के मनोगत

---

१ संदर्भ-गाथा - १७ वृत्ति

२ संदर्भ-गाथा - १८/१९

भावों को जानने वाला मनःपर्यवज्ञान साकारोपयोग कहलाता है। इसे मनःपर्याय और मनःपर्यय भी कहते हैं।

५) केवलज्ञान साकारोपयोग- मति आदि ज्ञानों के सहायता के बिना भूत, भविष्य और वर्तमान तथा तीनों लोगवर्ती समस्त पदार्थों को विषय करनेवाला केवलज्ञान साकारोपयोग है। इसका विषय अनन्त है।

६) ७) ८) मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान जब मिथ्यात्व मोहनीय से संयुक्त हो जाते हैं उस अवस्था में वे अनुक्रम से अज्ञान बन जाते हैं। अतः ये मति अज्ञान साकारोपयोग, श्रुत अज्ञान साकारोपयोग और विभंग ज्ञान साकारोपयोग कहलाते हैं। अनाकारोपयोग के चार भेद हैं।

१) चक्षुदर्शन अनाकारोपयोग- आँख द्वारा पदार्थों का जो सामान्य ज्ञान होता है उसे चक्षुदर्शन अनाकारोपयोग कहते हैं।

२) अचक्षुदर्शन अनाकारोपयोग- चक्षु इन्द्रिय को छोडकर शेष चारों इन्द्रियों और मन के द्वारा होनेवाला पदार्थों का सामान्य ज्ञान अचक्षुदर्शन अनाकारोपयोग है।

३) अवधिदर्शन अनाकारोपयोग- मर्यादित क्षेत्र में रूपी द्रव्यों का सामान्य ज्ञान अवधिदर्शन अनकारोपयोग है।

४) केवलदर्शन अनाकारोपयोग- दूसरे ज्ञान की अपेक्षा बिना सम्पूर्ण संसार के पदार्थों का सामान्य ज्ञान रूप दर्शन अनाकार उपयोग कहलाता है।

पर्याप्त संज्ञि पंचेन्द्रिय में सभी उपयोग पाये जाते हैं। पर्याप्त चतुरिन्द्रिय तथा पर्याप्त असंज्ञि पंचेन्द्रिय में चक्षु-अचक्षु दो दर्शन और मति, श्रुत दो अज्ञान कुल चार उपयोग होते हैं। सूक्ष्म एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय और त्रीन्द्रिय ये चारों पर्याप्त तथा अपर्याप्त चतुरिन्द्रिय तथा अपर्याप्त असंज्ञि पंचेन्द्रिय इन दस प्रकार के जीवों में मति, अज्ञान, श्रुत अज्ञान और अचक्षुदर्शन ये तीन उपयोग होते है। अपर्याप्त संज्ञि पंचेन्द्रियों में मनःपर्यायज्ञान, चक्षुदर्शन, केवलदर्शन, केवलज्ञान इन चार को छोडकर शेष आठ- मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधि दर्शन, मति अज्ञान, श्रुत अज्ञान, विभंग ज्ञान और अचक्षु दर्शन- उपयोग होते हैं[१]।

इसके पश्चात् ध्याता शरीर का चिन्तन करें-

(५) शरीर- ५ जो उत्पत्ति समय से लेकर प्रतिक्षण जीर्ण-शीर्ण होता रहता है तथा शरीर नाम कर्म के उदय से उत्पन्न होता है वह शरीर है। इसके पाँच प्रकार हैं (१) औदारिक शरीर, (२) वैक्रिय शरीर (३) आहारक शरीर (४) तैजस शरीर (५) कार्मण शरीर।

१) औदारिक- उदार अर्थात् प्रधान अथवा स्थूल पुद्गलों से बना हुआ शरीर औदारिक है। तीर्थंकर, गणधरादि का शरीर प्रधान पुद्गलों से बनता है और सर्वसाधारण का शरीर स्थूल और असार पुद्गलों से बना हुआ होता है। अथवा- अन्य शरीरों की अपेक्षा अवस्थित रूप से विशाल अर्थात् बडे परिमाण वाला होने से यह औदारिक शरीर कहा जाता है। वनस्पति काय की अपेक्षा औदारिक शरीर की एक सहस्र योजन की अवस्थित अवगाहना इससे कम है। वैक्रिय शरीर की उत्तरवैक्रिय की अपेक्षा अनवस्थित अवगाहना लाख योजन की है। परन्तु भवधारणीय वैक्रिय शरीर की अवगाहना तो पाँच सौ धनुष से अधिक नहीं है। अथवा- अन्य शरीरों की अपेक्षा अल्पप्रदेश वाला तथा परिणाम में बडा होने से यह औदारिक शरीर कहलाता है। अथवा- मांस, रुधिर, अस्थि आदि धातुओं से बना हुआ शरीर औदारिक कहलाता है। औदारिक शरीर मनुष्य

---

१ संदर्भ-गाथा - २२

और तिर्यंच को होता है।

२) वैक्रिय शरीर- जिस शरीर से विविध अथवा विशिष्ट प्रकार की क्रियाएँ होती हैं। वह वैक्रिय शरीर कहलाता है। जैसे एक रूप होकर अनेक रूप धारण करना, अनेक रूप होकर एक रूप धारण करना, छोटे शरीर से बडा शरीर बनाना और बडे से छोटा बनाना, पृथ्वी और आकाश पर चलने योग्य शरीर धारण करना, दृश्य, अदृश्य रूप बनाना आदि।

वैक्रिय शरीर दो प्रकार का है- औपपातिक वैक्रिय शरीर और दूसरा लब्धिप्रत्यय वैक्रिय शरीर। जन्म से ही जो वैक्रिय शरीर मिलता है वह औपपातिक वैक्रिय शरीर है। देवता और नारकी के शरीर जन्म से ही वैक्रिय शरीरधारी होते हैं। तप आदि द्वारा प्राप्त लब्धि विशेष से प्राप्त होनेवाला वैक्रिय शरीर लब्धिप्रत्यय वैक्रिय शरीर है। मनुष्य और तिर्यंच में लब्धिप्रत्यय वैक्रिय शरीर होता है।

३) आहारक शरीर- प्राणिदया, तीर्थंकर भगवान की ऋद्धि का दर्शन तथा संशय निवारण आदि प्रयोजनों से चौदह पूर्वधारी मुनिराज, अन्य क्षेत्र- महाविदेह क्षेत्र में विराजमान तीर्थंकर भगवान के समीप भेजने के लिए, लब्धि विशेष से अतिविशुद्ध स्फटिक के सदृश एक हाथ का जो शरीर निकालते है वह आहारक शरीर कहलाता है। उक्त प्रयोजनों के सिद्ध हो जाने पर वे मुनिराज उस शरीर को छोड देते हैं।

४) तेजस शरीर-तेज पुद्गलों से बना हुआ शरीर तेजस् कहलाता है। प्राणियों के शरीर में विद्यमान उष्णता से इस शरीर का अस्तित्व सिद्ध होता है। यह शरीर आहार का पाचन करता है। तपोविशेष से प्राप्त तेजस लब्धि का कारण भी यही शरीर है।

५) कार्मण शरीर- कर्मों से बना हुआ शरीर कार्मण कहलाता है अथवा जीव के प्रदेशों के साथ लगे हुए आठ प्रकार के कर्मपुद्गलों को कार्मण शरीर कहते हैं। यह शरीर ही सब शरीरों का बीज है। इन पाँचों शरीर आगे आगे के पिछले की अपेक्षा प्रदेश बहुल अधिक प्रदेश वाले हैं एवं परिमाण मे सूक्ष्मतर हैं। तैजस और कार्मण शरीर सभी संसारी जीवों के होते हैं। इन दोनों शरीरों के साथ ही जीव मरण देश को छोडकर उत्पत्ति स्थान को जाता है[१]।

इन पाँचों शरीरों का कारण, प्रदेश, स्वामि, विषय, प्रयोजन, प्रमाण, स्थिति, अल्पबहुत्व एवं अन्तर अल्पबहुत्व का विचार किया जाता है-

कारण- सब से सूक्ष्म पुद्गल कार्मण शरीर के है, उसकी अपेक्षा तेजस शरीर के पुद्गल बादर है, उसकी अपेक्षा आहारक शरीर के पुद्गल बादर है, उसकी अपेक्षा वैक्रिय शरीर के पुद्गल बादर है, उसकी अपेक्षा औदारिक शरीर के पुद्गल बादर है। सब से बादर पुद्गल औदारिक शरीर के, उसके अपेक्षा वैक्रिय शरीर के सूक्ष्म, उसकी अपेक्षा आहारक शरीर के सूक्ष्म, उसकी अपेक्षा तेजस के सूक्ष्म और उसकी अपेक्षा कार्मण शरीर के सूक्ष्म है।

प्रदेश- प्रदेश की अपेक्षा से आहारक शरीर सब से थोडे है, उससे वैक्रिय शरीर प्रदेश की अपेक्षा असंख्यात गुणा, उससे औदारिक शरीर प्रदेश की अपेक्षा असंख्यात गुणा, उससे तैजस शरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्त गुणा, उससे कार्मण शरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्त गुणा होता है।

---

१ संदर्भ-गाथा - २५

स्वामी– औदारिक शरीर के स्वामी मनुष्य और तिर्यंच है। नैरयिक और देव वैक्रिय शरीर के स्वामी है। चौदह पूर्वधारी लब्धि मुनिराज आहारक शरीर के स्वामी होते है। तैजस और कार्मण शरीर के स्वामी चारों ही गति के जीव होते हैं।

संस्थान– औदारिक, तैजस और कार्मण शरीर में छहों संस्थान पाते हैं। वैक्रिय में समचतुरस्र और हुंडक ये दो संस्थान पाये जाते हैं।

अवगाहना– औदारिक शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल का असंख्यातवां भाग, उत्कृष्ट एक हजार योजन से कुछ अधिक,पद्मद्रहस्थित बृहत् कमल की अपेक्षा। वैक्रिय शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग; उत्कृष्ट एक लाख योजन से कुछ अधिक, उत्तर वैक्रिय की अपेक्षा। आहारक शरीर की अवगाहना जघन्य- कुछ कम एक हाथ (मुंड हाथ) की, उत्कृष्ट एक हाथ की। तेजस-कार्मण शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल का असंख्यातवां भाग, उत्कृष्ट लोकान्त तक अर्थात् सम्पूर्ण लोक प्रमाण।

विषय– औदारिक शरीर का विषय रुचक द्वीप तक, वैक्रिय शरीर का विषय असंख्यात द्वीप समुद्र तक, आहारक शरीर का विषय ढाई द्वीप तक, तथा तैजस कार्मण का विषय(केवली समुद्घात की अपेक्षा) चौदह राजलोक प्रमाण है।

औदारिक शरीर में वैक्रिय शरीर, आहारक शरीर की भजना होती है अर्थात् औदारिक शरीर में वैक्रिय शरीर, आहारक शरीर कभी होता है और कभी नहीं होता। तथा औदारिक शरीर के साथ आहारक शरीर भी कभी होता है और कभी नहीं होता। औदारिक शरीर के साथ तैजस-कार्मण शरीर नियमपूर्वक होते हैं। वैक्रिय के साथ आहारक शरीर नहीं होता, किन्तु तैजस और कार्मण नियमपूर्वक होता ही है। आहारक के साथ वैक्रिय शरीर नहीं होता। तैजस के साथ कार्मण निश्चित होता है। किन्तु इनके साथ औदारिक, वैक्रिय और आहारक शरीर कभी होता है और कभी नहीं भी होता है।

स्थिति– औदारिक शरीर की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट तीन पल्योपम की(युगलिक मनुष्य की अपेक्षा)। वैक्रिय शरीर की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की। आहारक की जघन्य एवं उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। तैजस कार्मण शरीर की स्थिति के दो भंग है- अनादि अपर्यवसित और अनादि सपर्यवसित (अनादि सान्त)।

अल्पबहुत्व– सबसे थोडे आहारक शरीर; द्रव्यार्थ की अपेक्षा, उससे वैक्रिय शरीर असंख्यात गुणा, उससे औदारिक शरीर अनन्त गुणा, उससे वैक्रिय शरीर; प्रदेश की अपेक्षा असंख्यात गुणा, उससे औदारिक शरीर; प्रदेश की अपेक्षा असंख्यात गुणा, उससे तैजस-कार्मण शरीर अनन्त गुणा द्रव्यार्थ की अपेक्षा से तुल्य। उससे तैजस शरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्त गुणा, उससे कार्मण शरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्त गुणा।

प्रयोजन– औदारिक शरीर का प्रयोजन- तीर्थंकर, गणधर के शरीर की अपेक्षा औदारिक शरीर प्रधान कहा गया है। तीर्थंकर, गणधर के शरीर की अपेक्षा दूसरे शरीर अनन्तगुण हीन होते हैं। इस औदारिक से तीर्थंकर, गणधर एवं अन्य चरम शरीरी की आठ कर्म का क्षय कर सिद्धि प्राप्त करते हैं। वैक्रिय शरीर का प्रयोजन अच्छे बूरे रूप बनाना है। विशिष्ट पदार्थ के बोध, संशय निवारण आदि प्रयोजन से विशिष्ट आहारक लब्धिधारी चौदह पूर्वधर मुनि केवली भगवान के पास भेजने के लिए आहारक शरीर बनाते हैं जो एक हाथ प्रमाण होता है। भगवान के पास भेजा हुआ आहारक शरीर जहाँ केवली भगवान विराजतें हैं वहाँ जाता है और केवली भगवान की समीप प्रयोजन सिद्ध कर वापस आता है और मुनिराज के शरीर में प्रवेश करता है।

आहारक शरीर के द्वारा मुनिराज अपना समाधान प्राप्त कर लेते हैं। तैजस शरीर का प्रयोजन- आहार पचाना है। तैजसलब्धि का प्रयोग भी तैजस शरीर के द्वारा ही होता है। कार्मण शरीर आठ कर्मों का खजाना है। यह शरीर जीव को चारों गतियों में परिभ्रमण करवाता है।

अन्तर- औदारिक शरीर का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट तैंतीस सागरोपम। वैक्रिय का जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्त काल का। आहारक शरीर का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गल परावर्त का। तैजस कार्मण शरीर का अन्तर नहीं होता। दोनों शरीर संसारी जीव के सदा साथ में रहते हैं ।

इस के बाद साधक लेश्या का विचार करें।

(६) लेश्या- लेश्या के द्रव्य और भाव इस प्रकार दो भेद है। द्रव्य लेश्या, पुद्गल विशेषात्मक है। इसके स्वरूप के सम्बन्ध में मुख्यतया तीन मत है[१]। (१) कर्म वर्गणा निष्पन्न, (२) कर्मनिष्यन्द और (३)योग परिणाम। प्रथम मत के अनुसार लेश्या द्रव्य, कर्म-वर्गणा से बने हुएँ है, फिर भी वे आठ कर्म से भिन्न है, जैसे कि कार्मण शरीर। दूसरे मत के अनुसार लेश्या द्रव्य, कर्मनिष्यन्द रूप(बध्यमान कर्म प्रवाह रूप) है। चौदहवें गुणस्थान में कर्म के होने पर भी उसका निष्यन्द न होने से लेश्या के अभाव की उपपत्ति हो जाती है। प्रज्ञापना के टीकाकार आ. श्री मलयगिरि सू. लेश्या-द्रव्य को योगवर्गणा- अन्तर्गत स्वतंत्र द्रव्य मानते हैं[२]।

भावलेश्या आत्मा का परिणाम विशेष है, जो संक्लेश और योग से अनुगत है। संक्लेश के तीव्र, तीव्रतर, तीव्रतम, मन्द, मन्दतर, मन्दतम आदि अनेक भेद होने से वस्तुतः भावलेश्या असंख्य प्रकार की है। फिर भी संक्षेप में उसके छह विभाग किये हैं- कृष्ण, नील, कापोत, तेज, पद्म और शुक्ल। इन छह भेदों का स्वरूप समझने के लिए शास्त्र में इस प्रकार का दृष्टान्त हैं-

१ कृष्ण लेश्यी- कोई छह पुरुष जम्बूफल (ज़ामुन) खाने की इच्छा करते हुए चले जा रहे थे। इतने में जम्बू वृक्ष को देख उन में से एक पुरुष बोला- 'लीजिए वृक्ष तो आ गया। अब फलों के लिए ऊपर चढने की अपेक्षा फलों से लदी हुई बडी बडी शाखावाले इस वृक्ष को काट गिराना ही अच्छा है'।

२- नील लेश्यी यह सुनकर दूसरे ने कहा- 'वृक्ष काटने से क्या लाभ ? केवल शाखा काट दो'।

३- कापोत लेश्यी तीसरे पुरुष ने कहा- यह भी ठीक नहीं, छोटी छोटी शाखाओं के काट लेने से भी तो काम निकाला जा सकता है'।

४- तेजो लेश्यी चौथे ने कहा- 'शाखाएँ भी क्यों काटना ? फलों के गुच्छों को तोड लीजिए'।

५- पद्म लेश्यी पांचवाँ बोला- 'गुच्छों से क्या प्रयोजन ? उनमें से कुछ फलों को ही ले लेना अच्छा है'।

६- शुक्ल लेश्यी अन्त में छठे पुरुष ने कहा- 'ये सब विचार निरर्थक हैं। क्यों कि हम लोग जिन्हें चाहते हैं वे फल तो नीचे भी गिरे हुएँ हैं। क्या इन्हीं से हमारा प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सकता ?'। इस दृष्टान्त से लेश्या का वास्तविक स्वरूप समझ में आता है। इस दृष्टान्त में पूर्व पूर्व के पुरुष के परिणामों की अपेक्षा

---

१ लेश्याकोश ।

२ प्रज्ञापनासूत्र लेश्यापद टीका ।

उत्तर उत्तर पुरुष के परिणाम शुभ, शुभतर और शुभतम पाये जाते हैं। उत्तर उत्तर पुरुष के परिणामों में संक्लेश की न्यूनता और मृदुता की अधिकता पाई जाती है।

संज्ञि द्विक में अपर्याप्त तथा पर्याप्त संज्ञि पंचेन्द्रिय में छहों लेश्याएँ होती है। अपर्याप्त बादर एकेन्द्रिय में कृष्ण आदि पहली चार लेश्याएँ पाई जाती है। शेष ग्यारह जीव स्थानों में- अपर्याप्त तथा पर्याप्त सूक्ष्म-एकेन्द्रिय, पर्याप्त बादर एकेन्द्रिय, अपर्याप्त-पर्याप्त द्वीन्द्रिय, अपर्याप्त-पर्याप्त त्रीन्द्रिय, अपर्याप्त-पर्याप्त चतुरिन्द्रिय में और अपर्याप्त-पर्याप्त असंज्ञि पंचेन्द्रियों में कृष्ण, नील और कापोत ये तीन लेश्याएँ होती है। अपर्याप्त बादर एकेन्द्रिय में तेजोलेश्या भी पाई जाती है। प्रथम और द्वितीय नरक में कापोत लेश्या, तृतीय नरक में कपोत और नील, चौथी नरक में नील, पांचवी में कृष्ण और नील, छठी नरक में कृष्ण, सातवी में महाकृष्ण लेश्या पाई जाती है। भवनपति और वाणव्यंतर में कृष्ण, नील, कापोत और तेजो लेश्या। ज्योतिषी एवं प्रथम द्वितीय देवलोक में पद्म लेश्या;तीसरे,चौथे और पांचवें देवलोक में पद्म लेश्या; छठे देवलोक से नौ ग्रेवेयक तक में एक शुक्ल लेश्या एवं पाँच अनुत्तर में परमशुक्ल लेश्या होती है[1]।

तत्पश्चात् दृष्टियों पर विचार करें।

(७) दृष्टि-३ दृष्टियाँ तीन हैं- सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और मिश्र दृष्टि। सात नारकी के नैरयिक, दस भवनपति, तिर्यंच पंचेन्द्रिय, मनुष्य, व्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक इन सोलह दण्डक में तीनों दृष्टियाँ पाई जाती है। पांच स्थावर मिथ्यादृष्टि होते हैं। तीन विकलेन्द्रिय और नव ग्रैवेयक सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि होते हैं। पांच अनुत्तर विमान और सिद्ध भगवान सम्यग्दृष्टि होते हैं[2]।

(८) पर्याप्तियाँ- ६ जिस कर्म के उदय से जीव अपनी अपनी पर्याप्तियों से युक्त होते हैं वह पर्याप्ति नाम कर्म है। जीव की उस शक्ति को पर्याप्ति कहते हैं जिसके द्वारा पुद्गलों को ग्रहण करने तथा उनको आहार, शरीर आदि के रूप में बदल देने का कार्य होता है, अर्थात् पुद्गलों के उपचय से जीव की पुद्गलों के ग्रहण करने की तथा परिणमन की शक्ति को पर्याप्ति कहते है। विषय भेद से पर्याप्ति के छ भेद है- आहार पर्याप्ति, शरीर पर्याप्ति, इन्द्रिय पर्याप्ति, उच्छ्वास पर्याप्ति, भाषा पर्याप्ति और मनःपर्याप्ति।

मृत्यु के बाद जीव, उत्पत्ति-स्थान में पहुँचकर कार्मण-शरीर के द्वारा जिन पुद्गलों को प्रथम समय में ग्रहण करता है उनके छह विभाग होते हैं और उनके द्वारा एक साथ, छहों पर्याप्तियों का बनना शुरु हो जाता है परन्तु उनकी पूर्णता क्रमशः होती है। जो औदारिक शरीरधारी जीव हैं उनकी आहार-पर्याप्ति एक समय में पूर्ण होती है, और अन्य पाँच पर्याप्तियाँ अन्तर्मुहूर्त में क्रमशः पूर्ण होती है । वैक्रिय शरीरधारी जीवों की शरीर-पर्याप्ति के पूर्ण होने में अन्तर्मुहूर्त समय लगता है और अन्य पांच पर्याप्तियों के पूर्ण होने में एक एक समय लगता है।

१) जिस शक्ति के द्वारा जीव बाह्य आहार को ग्रहण कर उसे खल और रस के रूप में बदल देता है उसे आहार पर्याप्ति कहते हैं।

२) जिस शक्ति द्वारा जीव रस के रूप में बदल दिये हुए आहार को सात धातु के रूप में बदल देता

---

१ संदर्भ गाथा - २७

२ संदर्भ गाथा - २८

है उसे शरीर पर्याप्ति कहते हैं।

३) जिस शक्ति के द्वारा जीव धातुओं के रूप में परिणत आहार को इन्द्रियों के रूप में परिणत करता है उसे इन्द्रिय पर्याप्ति कहते हैं।

४) जिस शक्ति के द्वारा जीव श्वासोच्छ्वास योग्य पुद्गलों को ग्रहण कर उनको श्वासोच्छ्वास के रूप में बदल कर तथा अवलम्बन कर देता है उसे श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति कहते हैं।

५) जिस शक्ति के द्वारा जीव भाषायोग्य पुद्गलों को लेकर उनको भाषा के रूप में बदल देता है उसे भाषा पर्याप्ति कहते है।

६) जिस शक्ति के द्वारा जीव मनोयोग्य पुद्गलों को लेकर उनको मन के रूप में बदल देता है उसे मनःपर्याप्ति कहते हैं।

इन छः पर्याप्तियों में से प्रथम चार पर्याप्तियाँ एकेन्द्रिय जीव को, पाँच पर्याप्तियां विकलेन्द्रिय तथा असंज्ञि- पंचेन्द्रिय को, और छह पर्याप्तियाँ संज्ञि पंचेन्द्रिय को होती है।

पर्याप्त जीवों के दो भेद हैं-१- लब्धिपर्याप्त और २- करणपर्याप्त।

१) जो जीव अपनी अपनी पर्याप्तियों के पूर्ण कर के मरते हैं, पहले नहीं वे लब्धि पर्याप्त है।

२) करण का अर्थ है इन्द्रिय। जिन जीवों ने इन्द्रिय पर्याप्ति पूर्ण कर ली है- अर्थात् आहार, शरीर और इन्द्रिय तीन पर्याप्तियाँ पूर्ण कर ली है वे करण पर्याप्त है, क्यों कि आहार पर्याप्ति और शरीर पर्याप्ति पूर्ण किये बिना इन्द्रिय पर्याप्ति पूर्ण नहीं हो सकती इसलिए तीनों पर्याप्तियाँ ली गई है[१]।

(९) प्राण- १० जिन से प्राणी जीवित रहें उन्हें प्राण कहते हैं। वे दस है- (१) स्पर्शनेन्द्रियबल प्राण (२) रसनेन्द्रियबल प्राण (३) घ्राणेन्द्रियबल प्राण (४) चक्षुरिन्द्रियबल प्राण (५) श्रोत्रेन्द्रियबल प्राण (६) कायबल प्राण (७) वचनबल प्राण (८) मनबल प्राण (९) श्वासोच्छ्वासबल प्राण (१०) आयुष्यबल प्राण। एकेन्द्रिय जीवों में चार प्राण होते हैं। स्पर्शनेन्द्रियबल प्राण, कायबल प्राण, श्वासोच्छ्वासबल प्राण और आयुष्यबल प्राण। द्वि इन्द्रिय में छ प्राण होते हैं। चार पूर्वोक्त तथा रसनेन्द्रिय और वचनबल प्राण। त्रि इन्द्रिय में सात प्राण होते हैं। छः पूर्वोक्त और घ्राणेन्द्रियबल प्राण। चतुरिन्द्रिय में आठ प्राण होते हैं- पूर्वोक्त सात और चक्षुरिन्द्रियबल प्राण। असंज्ञी पंचेन्द्रिय में नौ प्राण होते हैं- पूर्वोक्त आठ और श्रोत्रेन्द्रियबल प्राण। संज्ञी पंचेन्द्रिय में दस प्राण होते हैं। पूर्वोक्त नौ और मनबल प्राण[२]।

(१०) आयु- ४ जिस कर्म के अस्तित्व से प्राणी जीता है और क्षय से मरता है, उसे आयु कहते हैं। इसके चार प्रकार है- मनुष्यायु, तिर्यंचायु, देवायु तथा नरकायु। आयु मुख्यतः दो प्रकार की है- अपवर्तनीय और अनपवर्तनीय।

बाह्य निमित्त से जो आयु कम हो जाती है उसको अपवर्तनीय या अपवर्त्य आयु कहते हैं। जैसे जल, शस्त्र चोट, विष प्रयोग आदि बाह्य निमित्त व्यक्ति मरता है वह अपवर्त्य आयु है। जो आयु किसी भी कारण से कम न हो सके अर्थात् जितने काल की आयु बान्धी गई है उतने काल तक भोगी जावे, उस आयु को अनपवर्त्य आयु कहते हैं। इन आयु को हम जघन्य और उत्कृष्ट ऐसे दो विभागों में विभक्त कर सकते हैं।

---

१ संदर्भ गाथा-३०

२ संदर्भ गाथा-३२/३३

आयुष्य बन्ध- नारकी के नैरयिक, भवनपति, व्यन्तर ज्योतिषी और वैमानिक देव अपनी अपनी आयु के छह माह शेष रहने परभव की आयु बांधते हैं। पृथ्वी, अप्, तेज, वायु तथा वनस्पति काय, तीन विकलेन्द्रिय के जीव की सोपक्रम और निरुपक्रम दो प्रकार की आयु होती है। इन में जो निरुपक्रम आयुवाले होते हैं वे अपनी अपनी आयु का तिसरा भाग शेष रहने पर परभव की आयु बांधते हैं। सोपक्रम आयु वाले कभी अपने आयु का तीसरा भाग शेष रहने पर, कभी अपनी आयु के तीसरे भाग का तीसरा भाग याने नवाँ भाग शेष रहने पर और कभी अपनी आयु के तीसरे भाग के तीसरे भाग का तीसरा भाग यानी सत्ताईसवाँ भाग शेष रहने पर परभव की आयु बाँधते है। कभी अपनी आयु के सत्ताईसवें भाग का तीसरा भाग यानी इक्यासीवाँ भाग शेष रहने पर, कभी इक्यासीवें भाग का तीसरा भाग यानी २४३ वाँ भाग शेष रहने पर यावत् अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर परभव की आयु बांधते है। तिर्यंच पंचेन्द्रिय और मनुष्य संख्यात वर्ष की आयु वाले और असंख्यात वर्ण की आयुवाले होते हैं। असंख्यात वर्ष की आयुवाले तिर्यंच पंचेन्द्रिय और मनुष्य निरुपक्रम आयुवाले होते हैं। वे अपने आयु के छह मास शेष रहने पर परभव की आयु बांधते है। संख्यात वर्ष की आयुवाले तिर्यंच पंचेन्द्रिय और मनुष्य निरुपक्रम और सोपक्रम दोनों प्रकार की आयु वाले होते हैं। पृथ्वीकाय की भवस्थिति जघन्य अन्तमुहूर्त एवं उत्कृष्ट २२ हजार वर्ष की। अप्काय की उत्कृष्ट स्थिति सात हजार वर्ष की। अग्नि की उत्कृष्ट स्थिति तीन अहोरात्र। वायु काय की तीन हजार वर्ष की। वनस्पति काय की दस हजार वर्ष की। द्वीन्द्रिय की उत्कृष्ट स्थिति बारह वर्ष की। त्रीन्द्रिय की ४९ दिवस, चतुरिन्द्रिय की छह मास, नारकी जघन्य स्थिति १०,००० वर्ष, उत्कृष्ट ३३ सागरोपम, तिर्यंच पंचेन्द्रिय पल्योपम, मनुष्य ३ पल्योपम, देवता उत्कृष्ट स्थिति ३३ सागरोपम एवं जघन्य १०,००० वर्ष। देव और नारकी को छोड शेष जीवों की जघन्यस्थिति अन्तर्मुहूर्त इत्यादि[१]।

११- आगति- ४ नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देव रूप से आगतियाँ चार प्रकार की है। उनका ग्रन्थ के अनुसार चिन्तन किया जाय[२]।

१२- गति- ४ नारक, देव, मनुष्य, तिर्यंच एवं मोक्ष गति ये पाँच गतियाँ है। उनका ग्रन्थानुसारेण चिन्तन करें[३]।

१३- कुल- जीवों के उत्पत्ति स्थान को योनि कहते है। वर्णादि के भेद एक ही योनि में उत्पन्न वाले विविध जीवों के समूह को कुल कहते हैं। इसकी संख्या एक कोटाकोटि सत्तानवें लाख पचास हजार है। पृथ्वीकाय की बारह लाख कुलकोटि। अप्काय की सात लाख कुलकोटि। तेउकाय की तीन लाख कुलकोटि । वायुकाय की सात लाख कुलकोटि। द्वीन्द्रिय की सात लाख कुलकोटि। त्रीन्द्रिय की आठ लाक कुलकोटि। चतुरिन्द्रिय की नौ लाख कुलकोटि। वनस्पति की अट्ठावीस लाख कुलकोटि। जलचर की साढे बारह लाख कुलकोटि। पक्षियों की बारह लाख कुलकोटि। चतुष्पदों की दस लाख कुलकोटि। उरःपरिसर्पों की नौ लाख कुलकोटि। भुजपरिसर्पों की नौ लाख कुलकोटि। देवों की २६ लाख कुलकोटि। नारकों की पच्चीस लाख कुलकोटि। मनुष्यों की बारह लाख कुलकोटि[४] होती है।

(१४) योनि- पूर्वभव समाप्त होने पर संसारी जीव नया भव धारण करते है। इसके लिए उन्हें जन्म

---

१ संदर्भ गाथा-३४/३५,
२ संदर्भ गाथा-३६
३ संदर्भ गाथा-३६/३७
४ संदर्भ गाथा-४३/४४/४५/४६

लेना पडता है पर जन्म सबका एक सा नहीं होता। पूर्वभव का स्थूल शरीर छोडने के बाद अन्तराल गति से केवल तेजस-कार्मण शरीर के साथ आकर नवीन भव के योग्य स्थूल शरीर के लिए पहले पहले योग्य पुद्गलों को ग्रहण करना जन्म है।

जन्म के तीन प्रकार हैं- संमूर्छन, गर्भ और उपपात। माता- पिता के सम्बन्ध के बिना ही उत्पत्तिस्थान में स्थित औदारिक पुद्गलों को पहले पहले शरीर रूप परिणत करना संमूर्च्छन जन्म है। उत्पत्ति स्थान में स्थित शुक्र और शोणित के पुद्गलों को पहले पहले शरीर के लिए ग्रहण करना गर्भ जन्म है। उत्पत्ति स्थान में स्थित वैक्रिय पुद्गलों को पहले पहले शरीर रूप में परिणत करना उपपात जन्म है।

योनि के प्रकार- जन्म के लिए स्थान आवश्यक है। जिस स्थान में पहले पहले स्थूल शरीर के लिए ग्रहण किये गए पुद्गल कार्मण शरीर के साथ गरम लोहे में पानी की तरह मिल जाते हैं उसी को योनि कहते हैं।

योनि नौ प्रकार की है। सचित्त, शीत, संवृत, अचित्त, उष्ण, विवृत, सचित्ताचित्त, शीतोष्ण और संवृत-विवृत। **सचित्त-** जो जीव प्रदेशों से अधिष्ठित हो। **अचित्त-** जो जीव प्रदेशों से अधिष्ठित न हो। **मिश्र-**जो कुछ भाग में जीव प्रदेशों से अधिष्ठित हो कुछ भाग में न हो। **शीत-** जिस उत्पत्ति स्थान में शीत स्पर्श हो। **उष्ण-** जिसमें उष्ण स्पर्श हो। **मिश्र-** जिसके कुछ भाग में शीत तथा कुछ भाग में उष्ण स्पर्श हो। **संवृत-** जो उत्पत्ति स्थान ढका या दबा हो। **विवृत-** जो ढका न हो खुला हो। **मिश्र-** जो ढका तथा कुछ खुला हो।

किस स्थान में कौन कौन से जीव उत्पन्न होते हैं सो बताते हैं-

नारक और देव, गर्भज मनुष्य और तिर्यंच की अचित्त और मिश्र योनि (= सचित्ताचित्त) होती है, शेष सब जीव अर्थात् पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय और अगर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यंच तथा मनुष्य की त्रिविध = सचित्त, अचित्त तथा मिश्र (सचित्ताचित्त) योनि होती है। गर्भज मनुष्य और तिर्यंच तथा देव की मिश्र (शीतोष्ण) योनि होती है। तेजःकायिक(अग्नि) उष्ण, शेष सब अर्थात्- चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय अगर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यंच और मनुष्य तथा नारक की त्रिविध योनि- शीत, उष्ण और मिश्र (शीतोष्ण) योनि होती है। नारक, देव और एकेन्द्रिय की संवृत योनि होती है। गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यंच और मनुष्य की मिश्र (संवृत विवृत) योनि होती है। शेष सब की अर्थात् तीन विकलेन्द्रिय, अगर्भज पंचेन्द्रिय मनुष्य और तिर्यंच की विवृत योनि होती है[१]।

प्रश्न- योनि और जन्म में क्या अन्तर है?

उत्तर- योनि आधार है और जन्म आधेय। अर्थात् स्थूल शरीर के लिए योग्य पुद्गलों का प्राथमिक ग्रहण जन्म है। और ग्रहण जिस जगह हो वह योनि है।

योनियाँ- पृथ्वीकाय ७ लाख, अप्काय ७ लाख, तेजस्काय ७ लाख, वायुकाय ७ लाख, प्रत्येक वनस्पति काय १० लाख, साधारण वनस्पति काय १४ लाख, प्रत्येक विकलेन्द्रियों की दो-दो लाख, देवता, नरक, तिर्यंच पंचेन्द्रिय की चार चार लाख, १४ लाख मनुष्य। इस प्रकार कुल योनियाँ ८४ लाख[२] है।

---

१ संदर्भ गाथा - ४२/४३/४४, २ संदर्भ गाथा - ४७/४८

प्रश्न.- योनियाँ तो चौरासी लाख मानी जाती हैं फिर यहाँ नौ ही क्यों बताई गई है?

उत्तर.- चौरासी लाख योनियों का कथन विस्तार की अपेक्षा से किया गया है। पृथ्वीकाय आदि जिस जिस निकाय के वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श के तरतम भाव वाले जितने जितने उत्पत्तिस्थान है उस उस निकाय की उतनी ही योनियाँ चौरासी लाख योनि में गिनी गई है। यहां उन्हीं चौरासी लाख योनि के सचित्तादि संक्षिप्त रूप है।

योनि के अन्य प्रकार से भी तीन भेद है- १- कूर्मोन्नत योनि (कछुए के पीठ की तरह उन्नत योनि) २- शंखावर्त योनि (शंख की तरह आवर्तवाली योनि) ३- वंशीपत्र योनि (मिले हुए बाँस के दो पत्र के आकारवाली योनि)। तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव इन ५४ उत्तम पुरुषों की माता की कूर्मोन्नत योनि होती है। चक्रवर्ती की स्त्रीरत्न की शंखावर्त योनि होती है। शंखावर्त योनि में जीव आते हैं गर्भ रूप से उत्पन्न होते हैं, संचित होते है किन्तु उत्पन्न नहीं होते। वंशीपत्र योनि सामान्य पुरुषों की माता की होती है।

(१५) **वेद-** वेद के तीन भेद है- स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद।

१) स्त्रीवेद- जिस कर्म के उदय से स्त्री को पुरुष के साथ भोग करने की इच्छा होती है वह स्त्रीवेद है। इस की कामाभिलाषा करीषाग्नि की तरह होती है। करीष सूखे गोबर को कहते हैं उसकी अग्नि जैसी जैसी जलाई जाय वैसी वैसी ही बढती जाती है, उसी प्रकार पुरुष के करस्पर्शादि व्यापार से स्त्री की अभिलाषा बढती है।

२) पुरुषवेद- जिस कर्म के उदय से पुरुष को स्त्री के साथ भोग करने इच्छा होती है वह पुरुषवेद है। इसकी कामाभिलाषा तृणाग्नि की तरह है। तृण की अग्नि शीघ्र ही जलती है और शीघ्र ही बुझती है, उसी प्रकार पुरुष को अभिलाषा शीघ्र होती है और स्त्रीसेवन के बाद शीघ्र ही शान्त होती है।

३) नपुंसकवेद- जिस कर्म के उदय से स्त्री और पुरुष दोनों के साथ भोग करने की इच्छा होती है, वह नपुंसकवेद है। इस की कामाभिलाषा नगर के दाह के समान है। शहर में आग लगे तो बहुत दिनों तक नगर को जलाती है और उस आग को बुझाने में भी बहुत दिन लगते हैं। उसी प्रकार नपुंसकवेद के उदय से उत्पन्न हुई अभिलाषा चिरकाल तक निवृत्त नहीं होती और विषय सेवन से तृप्ति भी नहीं होती।

नारक और सम्मूर्च्छिम जीवों को नपुंसकवेद होता है। देवों को नपुंसकवेद नहीं होता, शेष दो होते हैं। शेष सब अर्थात् गर्भज मनुष्यों तथा तिर्यंचों के तीनों वेद होते हैं।

ये तीनों वेद द्रव्य और भाव रूप से दो-दो प्रकार के है द्रव्य वेद अर्थात् उपर का चिह्न, और भाववेद अर्थात् अभिलाषा विशेष[१] । किन जीवों के कितने वेद है उनका ग्रन्थानुसारेण चिन्तन करें।

(१६) कायस्थिति- काय का अर्थ पर्याय है। पर्याय सामान्य- विशेष के भेद से दो प्रकार का है। जीव का जीवत्व रूप पर्याय सामान्य है और नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव रूप पर्याय विशेष पर्याय है। सामान्य अथवा विशेष पर्याय की अपेक्षा जीव का निरन्तर होना कायस्थिति है। यह स्थिति जघन्य और उत्कृष्ट रूप से दो प्रकार की है। अथवा पृथ्वी आदि एक ही विवक्षित काय में एक ही जीव की मर मर कर निरन्तर पुनः पुनः उसी काय में उत्पत्ति कायस्थिति है। किन जीवों की कितनी कायस्थिति है उनका ग्रन्थानुसारेण चिन्तन करें[२]।

---

१ संदर्भ गाथा - ४९/५०, २ संदर्भ गाथा - ५२/५३/५४/५५/५६

(१७) संहनन- ६ हाडों का आपस में जुड जाना संहनन है। उसके छः प्रकार है- (१) वज्रऋषभनाराच संहनन (२) ऋषभनाराच संहनन (३) नाराच संहनन (४) अर्द्धनाराच संहनन (५) कीलिका संहनन (६) एवं सेवार्त या छेदवृत्त संहनन।

१) वज्र का अर्थ है खीला, ऋषभ का अर्थ है वेष्टन, और नाराच का अर्थ है दोनों तरफ मर्कट बन्ध। मर्कट बन्ध से बन्धी हुई दो हड्डियों के ऊपर तीसरी हड्डी का वेष्टन हो, और तीन को भेदने वाला हड्डी का खीला जिस संहनन में पाया जाय उसे वज्रऋषभनाराच संहनन कहते हैं।

२) दोनों तरफ हाडों का मर्कट बन्ध हो, तीसरे हाड का वेष्टन भी हो, लेकिन तीनों को भेदने वाला हाड का खीला न हो तो ऋषभनाराच संहनन है।

३) जिस रचना से दोनों तरफ मर्कटबन्ध हो लेकिन वेष्टन और खीला न हो उसे नाराच संहनन कहते है।

४) अर्धनाराच संहनन- जिस रचना में एक तरफ मर्कट बन्ध हो और दूसरी तरफ खीला हो उसे नाराच संहनन कहते हैं।

५) कीलिका संहनन- जिस रचना में मर्कट बन्ध और वेष्टन न हो किन्तु खीले से हड्डियाँ आपस में जुडी हुई हो वह कीलिका संहनन है।

६) सेवार्त संहनन- जिस रचना में मर्कट, बन्धन, वेष्टन, खीला न होकर यों ही हड्डियाँ आपस में जुडी हो वह सेवार्त संहनन है। देव और नारक असंहननी होते हैं। इत्यादि जिन जीवों में जो जो संहनन पाये जाते हैं उनका शास्त्रानुसारेण चिन्तन करें[१]।

(१८) संस्थान- ६ शरीर के आकार को संस्थान कहते हैं। इसके छह भेद है-

१) समचतुरस्र संस्थान- सम का अर्थ है कोण अर्थात् पलथी मारकर बैठने से जिस शरीर के चार कोण समान हो, अर्थात् आसन और कपाल का अन्तर, दोनों जानुओं का अन्तर, दक्षिण स्कन्ध और वामजानु का अन्तर तथा वाम स्कन्ध और दक्षिण जानु का अन्तर समान हो तो वह समचतुरस्र संस्थान है।

२) न्यग्रोधपरिमंडल संस्थान- बड के वृक्ष को न्यग्रोध कहते है। उस के समान जिस शरीर में नाभि से उपर के अवयव पूर्ण हो किन्तु नाभि से नीचे अवयव हीन हो तो वह न्यग्रोधपरिमंडल संस्थान है।

३) सादि संस्थान- जिस शरीर में नाभि से नीचे के अवयव पूर्ण और नाभि से ऊपर के अवयव हीन होते हैं उसे सादि संस्थान कहते हैं।

४) कुब्ज संस्थान- जिस शरीर के हाथ, पैर, सिर, गर्दन आदि अवयव ठीक हों किन्तु छाती, पीठ, पेट हीन हो उसे कुब्ज संस्थान कहते हैं।

५) वामन संस्थान- जिस शरीर में हाथ, पैर आदि अवयव हीन, छोटे हो और छाती पेट आदि पूर्ण हो उसे वामन संस्थान कहते है।

६) हुण्ड संस्थान- जिसके समस्त अवयव बेढंग हो- प्रमाण शून्य हो, उसे हुण्ड संस्थान कहते है।

गर्भज पंचेन्द्रिय, तिर्यंच और मनुष्य उपरोक्त छहों संस्थान वाले होते हैं। देव समचतुरस्र संस्थान वाले

---

१ संदर्भ गाथा - ५७/५८/५९/६०/६१, २ संदर्भ गाथा - ६२/६३/५४

होते हैं। शेष जीव- एकेन्द्रिय, नारक, विकलेन्द्रिय ये सभी हुण्डक संस्थान वाले होते है। पृथ्वीकाय का संस्थान मसूर जैसा है। पानी सिबुकाकार है। अग्निकाय सूई के आकार की होती है। वायुकाय पताकाकार है। एवं वनस्पतियों विविध आकार वाली होती है[२]।

(१९) अवगाहना- ३ । शरीरप्रमाण को अवगाहना कहते हैं। यह अवगाहना जघन्य और उत्कृष्ट के भेद से पर्याय की अपेक्षा से दो प्रकार की है। तथा विषय के भेद से यह तीन प्रकार की है- जैसे औदारिक शरीर विषयक, भवधारिवैक्रियशरीर विषयक एवं उत्तरवैक्रियशरीर विषयक। जिन जीवों की जितनी अवगाहना होती है उनका ग्रन्थानुसारेण चिन्तन करें[१]।

(२०) कर्मों की मूल प्रकृति बन्ध- आठ कर्मों की मूल प्रकृतियाँ आठ है। कौन सा जीव किस समय आठ कर्मों की प्रकृतियों का बन्ध करता है उस का चिन्तन करें[२]।

(२१) कर्मों की उत्तर प्रकृतियाँ- कर्मों की १२० उत्तर प्रकृतियों का चिन्तन करें[३]।

(२२) समुद्घात- ७ । वेदना आदि के साथ एकीभाव यानी तद्रूप हो कर प्रबलता के साथ अशाता वेदनीय आदि कर्मों को नाश करना समुद्घात है। यह समुद्घात सात प्रकार का है- (१) वेदना (२) कषाय (३) मारणान्तिक (४) वैक्रिय (५) तैजस (६) आहारक (७) केवली। प्रथम छह समुद्घात छद्मस्थ जीवों के होते हैं। सातवाँ समुद्घात केवली का होता है।

नारकी में प्रथम चार समुद्घात पाये जाते है। देवता के १३ दण्डक में प्रथम के पाँच समुद्घात पाये जाते है। वायु में चार समुद्घात पाये जाते है। चार स्थावर एवं तीन विकलेन्द्रियों में प्रथम के तीन समुद्घात पाये जाते है। तिर्यंच पंचेन्द्रिय में प्रथम पाँच समुद्घात पाये जाते है। एवं मनुष्य में सातों समुद्घात होते हैं।

केवली समुद्घात- किसी केवली भगवान के आयु कर्म की स्थिति थोडी रहती है और शेष तीन- वेदनीय नाम, गोत्र कर्मों की स्थिति अधिक होती है उस विषम स्थिति को आयुकर्म की स्थिति के बराबर करने के लिए केवली भगवान केवली समुद्घात करते हैं। जो केवली भगवान केवली समुद्घात करते है वे पहले आवर्जीकरण करते है। उसके बाद ही समुद्घात की प्रक्रिया करते है। आवर्जीकरण का काल असंख्यात समय प्रमाण अन्तर्मुहूर्त का है। आवर्जीकरण का अर्थ है आत्मा को मोक्ष की और अभिमुख करना।

केवली समुद्घात में आठ समय लगते हैं। पहले समय में केवली भगवान ऊपर और नीचे लोक पर्यन्त चौडाई में अपने शरीर प्रमाण दण्ड करते हैं। दूसरे समय में कपाट, तीसरे समय में मन्थान करते हैं और चौथे समय में सारा लोक भर देते हैं। पाँचवें समय में लोक का संहरण करते है, छठे समय में मन्थान का सातवें समय में कपाट का और आठ वें समय में दण्ड का संहरण कर केवली भगवान शरीरस्थ हो जाते हैं। केवली समुद्घात में केवल काययोग की ही प्रवृत्ति होती है। काययोग में भी औदारिक, औदारिकमिश्र और कार्मण काययोग इन तीन की ही प्रवृत्ति होती है, शेष चार काययोग की नहीं। पहले और आठवें समय में औदारिक काययोग प्रवर्तता है; दूसरे, छठे, सातवें समय में औदारिकमिश्र काययोग प्रवर्तता है और तीसरे चौथे व पाँचवें समय में कार्मण काययोग प्रवर्तता है। केवली; समुद्घात अवस्था में मुक्त नहीं होते। समुद्घात की समाप्ति के बाद ही निर्वाण को प्राप्त होते हैं[४]।

---

१ संदर्भ गाथा - ६५/६६/६७/६८/६९/७०, २ संदर्भ गाथा - ७१ से ९९ तक
३ संदर्भ गाथा - १०० से १२१ तक तथा १२९ से १५२ तक, ४ संदर्भ गाथा - १२२/१२३/१२४
५ संदर्भ गाथा - १२५/१२६/१२७/१२८

(२४) कर्म बन्ध के मूल हेतु- ४ । कर्म बन्ध के मूल हेतु चार है- (१) मिथ्यात्व (२) अविरति (३) कषाय (४) और योग[1]।

(२५) बन्ध हेतुओं के उत्तर भेद- ५७ । मिथ्यात्व- विपरीत श्रद्धानरूप जीव के परिणाम को मिथ्यात्व कहते है इसके पाँच भेद है- (१) आभिग्रहिक (२) अनाभिग्रहिक (३) आभिनिवेशिक (४) सांशयिक (५) अनाभोगिक।

१) तत्त्व की परीक्षा किये बिना ही पक्षपात पूर्वक एक सिद्धान्त का आग्रह करना और अन्य पक्ष का खण्डन करना आभिग्रहिक मिथ्यात्व है।

२) गुण दोष की परीक्षा किये बिना ही सब पक्षों को बराबर समझना अनाभिग्रहिक मिथ्यात्व है।

३) अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी उसकी स्थापना के लिए दुरभिनिवेश करना आभिनिवेशिक है।

४) इस स्वरूपवाला देव होगा या अन्य स्वरूप का? इसी तरह गुरु और धर्म के विषय में संदेहशील बने रहा सांशयिक मिथ्यात्व है।

५) विचार शून्य एकेन्द्रियादि तथा विशेष ज्ञान विकल जीवों को जो मिथ्यात्व होता है वह अनाभोगिक है।

अविरति के बारह भेद होते है। कषाय के नौ और सोलह, कुल पच्चीस भेद है। योग के पन्द्रह भेद। इस प्रकार सब मिलाकर बन्ध हेतुओं के उत्तर भेद सत्तावन होते हैं।

अशाता वेदनीय का बन्ध मिथ्यात्व आदि चारों कारणों से होता है। नरक त्रिक आदि सोलह प्रकृतियों का बन्ध मिथ्यात्वमात्र से होता है। तिर्यंच-त्रिक आदि पैतीस प्रकृतियों का बन्ध मिथ्यात्व और अविरति से होता है। तीर्थंकर और आहारक द्विक को छोडकर शेष सब ज्ञानावरणादि पैंसठ प्रकृतियों का बन्ध मिथ्यात्व, अविरति और कषाय इन तीन हेतुओं से होता है[1]। इत्यादि ग्रन्थानुसोरण चिन्तन करें ।

(२३) कषाय- कष का अर्थ है जन्म-मरण रूप संसार, उसकी आय अर्थात् प्राप्ति जिससे हो, उसे कषाय कहते हैं। अथवा कषाय मोहनीय कर्म के उदय से होने वाले क्रोध, मान, माया और लोभ रूप आत्मा के परिणाम विशेष जो सम्यक्त्व, देशस्थिति, सर्वविरति और यथाख्यात चारित्र का घात करते हैं, वे कषाय कहलाते हैं। इसके चार भेद हैं- क्रोध, मान, माया और लोभ। प्रत्येक कषाय के चार भेद है-

(१) अनन्तानुबन्धी (२) अप्रत्याख्यानावरण (३) प्रत्याख्यानावरण (४) संज्वलन।

१) अनन्तानुबन्धी- जिस कषाय के प्रभाव से जीव अनन्तकाल तक संसार में परिभ्रमण करता है उस कषाय को अनन्तानुबन्धी कषाय कहते हैं। यह कषाय सम्यक्त्व का घात करता है एवं जीवन पर्यन्त रहता है। इस कषाय से जीव नरक गति योग्य कर्मों का बन्ध करता है।

२) अप्रत्याखानावरण- जिस कषाय के उदय से देशविरति रूप अल्प सा भी प्रत्याख्यान नहीं होता उसे अप्रत्याख्यानावरण कषाय कहते हैं। इस कषाय के श्रावक धर्म की प्राप्ति नहीं होती यह कषाय एक वर्ष तक रहता है। और इससे तिर्यंचगति योग्य कर्मों का बन्ध करता है।

---

१ संदर्भ गाथा - १२९ से १५२ तक

३) प्रत्याख्यानावरण– जिस कषाय के उदय से सर्वविरतिरूप प्रत्याख्यान रुक जाता है अर्थात् साधुधर्म की प्राप्ति नहीं होती वह प्रत्याख्यानावरण कषाय है। यह कषाय चार मास तक बना रहता है। इस के उदय से मनुष्य गति योग्य कर्मों का बन्ध होता है।

